राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 जसप्रीत बुमराह नहीं खेलेंगे ओवल टेस्ट

अभिषेक शर्मा पहली बार नंबर-1 टी-20 बैटर बने 11

वर्ष : 16 | अंक : 87 | नई दिल्ली, गुरूवार, 31 जुलाई, 2025 | विक्रम संवत् 2082 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# दो हजार आरोपी, 500 गवाह पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हाजिरी के लिए क्रिकेट स्टेडियम की आवश्यकता होगी

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। बुधवार का दिन था सुप्रीम कोर्ट में एक ऐसा मामला पेश हुआ जिसने पूरे देश की कानूनी व्यवस्था को हिला दिया। जजों की आंखें फटी की फटी रह गईं और कोर्टरूम में सन्नाटा छा गया जब सामने आया कि एक घोटाले में 2000 से ज्यादा आरोपी और 500 से भी ज्यादा गवाह हैं। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची खुद हैरान रह गए। मामला था तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी. सेंथिल बालाजी से जुड़ा, वो शख्स जिन पर आरोप है कि उन्होंने नौकरी के बदले कैश का खेल खेला, और वो भी इतने बड़े पैमाने पर कि सुप्रीम कोर्ट को तक कहना पड़ा, इसे सुनने के लिए कोर्ट नहीं, क्रिकेट स्टेडियम की जरूरत पड़ेगी।

**जब कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार को सुनाई फटकार**

जैसे ही मामले की सुनवाई शुरू हुई, कोर्ट ने सीधा तमिलनाडु सरकार से सवाल दागे, इतने बड़े स्कैम में अभी तक कितनी कार्रवाई हुई? इतने सारे आरोपियों के नाम क्यों हैं? क्या सरकार इस केस को जानबूझकर लंबा खींचना चाहती है? जज सूर्यकांत ने तीखी टिप्पणी की, अगर हमने हस्तक्षेप नहीं किया होता, तो सरकार इस घोटाले को ऐसे निपटा देती जैसे कुछ हुआ ही नहीं। इतना ही नहीं कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा कि वो 2000 आरोपियों और 500 गवाहों की पूरी सूची जल्द से जल्द पेश करे। कोर्ट ने चेतावनी दी कि अगर यह मामला इसी तरह चलता रहा तो शायद सेंथिल बालाजी की पूरी जिंदगी भी मुकदमे में ही बीत जाएगी, और फिर भी फैसला नहीं आएगा।

**एआई से संचालित आरोपी? कोर्ट का तंज सुनकर सब चौंके**

कोर्ट ने इस मामले की गंभीरता पर एक और चौंकाने वाला बयान दिया। जस्टिस बागची ने कहा, लगता है जैसे कई अकसे बने आरोपी अचानक कोर्ट में हाजिर हो जाएंगे। यानी इतना बड़ा घोटाला और इतने नाम जुड़ते जा रहे हैं कि शक हो रहा है कहीं सरकार जानबूझकर फर्जी नाम न जोड़ रही हो ताकि केस और उलझ जाए।

**क्या था कैश फॉर जॉब स्कैम?**

ये घोटाला हुआ 2011 से 2016 के बीच, जब वी. सेंथिल बालाजी तमिलनाडु के परिवहन मंत्री थे। आरोप है कि उन्होंने अपने भाई और निजी सहायक के साथ मिलकर ट्रांसपोर्ट विभाग में नौकरियों के नाम पर मोटी रिश्वत ली। ड्राइवर, कंडक्टर, इंजीनियर, हर पद पर लोगों से पैसे लेकर नौकरी दी गई। और इस पूरे रैकेट में शामिल हो गए 2000 से ज्यादा लोग। तीन दर्ज हुईं, पहली में 2000 आरोपी, दूसरी में 14 और तीसरी में 24 आरोपी शामिल हैं। यानी मामला सिर्फ एक-दो लोगों का नहीं बल्कि पूरे सिस्टम में फैले भ्रष्टाचार का है। और हैरानी की बात ये कि जिन गरीबों से पैसे लिए गए, उन्हें भी आरोपी बना दिया गया। कोर्ट ने इस पर भी सरकार को लताड़ते हुए कहा, गरीबों को रिश्वत देने वाला बताकर फंसाया जा रहा है।

**ईडी की गिरफ्तारी से लेकर सुप्रीम कोर्ट की जमानत तक**

14 जून 2023- प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पीएमएलए कानून के तहत बालाजी को गिरफ्तार किया। फरवरी 2024- मद्रास हाईकोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज की। सितंबर 2024- आखिरकार सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी। लेकिन इस जमानत के बावजूद, कोर्ट ने अब साफ कर दिया है, मामले में लापरवाही नहीं चलेगी पूरी जांच होनी चाहिए।

**भारत के इतिहास का सबसे भीड़-भाड़ वाला केस?**

सुप्रीम कोर्ट के जज खुद बोल उठे, इतने सारे आरोपी और गवाह? ऐसा केस देश में पहली बार देख रहे हैं। अगर ये मुकदमा रोज भी चले, तो भी फैसला आने में सालों लग जाएंगे। हमें कोर्ट रूम नहीं, क्रिकेट स्टेडियम चाहिए होगा। क्या तमिलनाडु सरकार घोटालेबाजों को बचा रही है? अब बड़ा सवाल ये है, क्या राज्य सरकार सच में मामले को धीमा कर रही है? क्या 2000 आरोपी जोड़ना जानबूझकर किया गया? क्या ये सिर्फ इसीलिए किया गया ताकि वी सेंथिल बालाजी को सजा न हो? और अगर ऐसा है तो क्या सुप्रीम कोर्ट इस खेल को अब खत्म करेगा?।

**मौसम**


अधिकतम तापमान 32.0°C
न्यूनतम तापमान 23.0°C

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 80,405 |
| चांदी | 1,1000 |
| सेंसेक्स | 80,220 |
| निफ्टी | 24,472 |

# कान खोलकर सुन लें, 22 अप्रैल से 16 जून तक पीएम मोदी-ट्रंप में कोई बातचीत नहीं हुई : जयशंकर की विपक्ष को दो टूक

नई दिल्ली, एजेंसी




नई दिल्ली। राज्यसभा में बुधवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत की विदेश और रक्षा नीति पर विपक्ष के सवालों का करारा जवाब दिया। जयशंकर ने कहा कि भारत ने निर्धारित लक्ष्यों पर सटीक कार्रवाई की और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर दुनिया के किसी भी नेता ने भारत पर दबाव नहीं डाला। इसी दौरान विदेश मंत्री जब संसद में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर जवाब दे रहे थे, तभी विपक्षी नेता हंगामा करने लगे। इस दौरान उन्होंने विपक्षी दलों के नेताओं को टोकते हुए कहा, मैं उनको कहना चाहता हूं, वो कान खोलकर सुन लें। 22 अप्रैल से 16 जून तक, एक बार भी प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच फोन पर बातचीत नहीं हुई थी। उन्होंने कहा कि अमेरिका, सऊदी अरब और अन्य देशों से जो भी संवाद हुआ, वह पूरी तरह पारदर्शी और रिकॉर्ड में है। उन्होंने सोशल मीडिया पर साझा जानकारी का हवाला देते हुए कहा कि भारत ने स्पष्ट कर दिया कि पाकिस्तान यदि संघर्ष विराम चाहता है, तो उसे हमारे डीजीएमओ चैनल से संवाद करना होगा। चीन और पाकिस्तान को लेकर विपक्ष पर हमला बोलते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत की कूटनीतिक सफलता इस बात से साबित होती है कि यूएनएससी में भारत भले ही स्थायी सदस्य न हो, लेकिन सुरक्षा परिषद प्रमुख का बयान भारत के पक्ष में आया। रूस सहित कई देशों ने भारत का समर्थन किया। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा, जो लोग मुंबई हमलों पर चुप रहे थे, आज वे हमें ज्ञान दे रहे हैं। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि भारतीय सेना को किसी के समर्थन की जरूरत नहीं है और उसने आतंकियों के ठिकानों पर खुद ही सफलतापूर्वक कार्रवाई की है। उन्होंने नूर खान एयरबेस सहित कई आतंकवादी और सैन्य ठिकानों पर की गई तबाही का जिक्र करते हुए कहा कि सेना का श्रेय किसी और को देना उसका अपमान होगा। न्यू नॉर्मल और कांग्रेस नॉर्मल की तुलना करते हुए जयशंकर ने पांच बिंदुओं पर आधारित भारत की नई रणनीति राज्यसभा में प्रस्तुत की। चीन-पाकिस्तान संबंधों पर बोलते हुए उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसा और कहा कि कुछ नेता ओलंपिक की क्लासरूम में जाकर चीन का ज्ञान लेकर आए हैं और चीनी राजदूत से ट्यूशन लेते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि 2006 में कांग्रेस सरकार ने हू जिंताओ की यात्रा के दौरान चीनी कंपनियों को 3जी और 4जी जैसे क्षेत्रों में आमंत्रित कर देश की सुरक्षा से समझौता किया।

## एसआईआर विवादः संसद के बाहर विपक्ष ने किया जोरदार विरोध, भाजपा का पलटवार

नई दिल्ली। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर संसद में लगातार गतिरोध बना हुआ है। बुधवार को कांग्रेस समेत विपक्ष के लगभग सभी दलों ने संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। सोनिया गांधी ने एसआईआर के खिलाफ इस प्रदर्शन में हिस्सा लिया। समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद धर्मेंद्र यादव ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष उसके मंसूबों को सफल नहीं होने देगा। वहीं, सपा सांसद आनंद भदौरिया ने मांग की कि सरकार चुनाव आयोग से कहे कि एसआईआर प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाई जाए और इस पर संसद में चर्चा कराई जाए। सीपीआई (एमएल) के सांसद राजा राम सिंह ने आरोप लगाया कि एसआईआर भाजपा की साजिश है, जिसके जरिए गरीबों, प्रवासी मजदूरों और महिलाओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं। उन्होंने मांग की कि इस प्रक्रिया को रद्द किया जाए और संसद में इस पर विस्तृत चर्चा हो। सीपीआई सांसद पी. संतोष ने भी एसआईआर प्रक्रिया पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ बिहार का मुद्दा नहीं है, बल्कि इससे पूरे देश की चुनावी व्यवस्था प्रभावित होगी।

# विपक्ष ने पहलगाम हमले में सुरक्षा चूक और ट्रंप के दावे पर राज्यसभा में घेरा सरकार को

नई दिल्ली, एजेंसी




नई दिल्ली। विपक्षी दलों के सदस्यों ने राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा के दूसरे दिन भी पहलगाम आतंकवादी हमले में सुरक्षा चूक के मुद्दे तथा भारत-पाकिस्तान सैन्य कार्रवाई को रूकवाने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुप्पी पर सरकार को घेरा। तृणमूल कांग्रेस की डोला सेन ने पहलगाम में आतंकवादी हमले के जवाब में भारत के मजबूत, सफल एवं निर्णायक आपरेशन सिंदूर पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि पहलगाम हमला सुरक्षा चूक के कारण हुआ जिससे लोगों की नृशंस हत्या हुई। उन्होंने कहा कि इसकी जवाबदेही किसकी है। क्या गृहमंत्री इसका जवाब देंगे। उन्होंने पूछा कि क्या पहलगाम की घटना की सच्चाई का कभी पता चल सकेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अपनी नीतियों से आतंकवाद को बढावा दे रही है। जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निरस्त किये जाने पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि इससे पहले जनमत संग्रह कराया जाना चाहिए था। तृणमूल सदस्य ने कहा कि इस हमले के बाद से कश्मीर में पर्यटन ठप हो गया है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के सैन्य कार्रवाई रूकवाने के दावे पर प्रधानमंत्री की चुप्पी पर भी सवाल उठाया। द्रमुक के एन आर इलांगो ने कहा कि बाहरी और भीतरी दोनों तरह का आतंकवाद खतरनाक है। उन्होंने कहा कि विपक्ष केवल इतना चाहता है कि सरकार दो टूक शब्दों में कहे कि भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई को रूकवाने का अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का दावा असत्य है। उन्होंने कहा कि यदि इस सैन्य कार्रवाई के दौरान कोई राफेल विमान गिरा है तो इससे विमान की क्षमता पर सवाल उठते हैं। उन्होंने तीन आतंकवादियों की मौत के बारे में भी सच्चाई देश के सामने रखे जाने की मांग की। तेलुगु देशम पार्टी के मस्तान राव यादव बीधा ने कहा कि पाकिस्तान ने पहलगाम आतंकवादी हमला जम्मू कश्मीर में पर्यटन की बढती गतिविधियों को ठप करने के उद्देश्य से किया था। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से सबक लेकर सरकार को रक्षा क्षेत्र का बजट बढाना चाहिए जिससे कि सशस्त्र बलों को अत्याधुनिक बनाया जा सके। बीजू जनता दल के मानस रंजन मंगराज ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आतंकवादी ढांचों को धवस्त करने के लिए सशस्त्र बलों की सराहना की और कहा कि इससे भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा की प्रतिबद्धता का पता चलता है।

## साइबर अपराधों से निपटने के लिए सरकार कर रही है पुख्ता इंतजामः सिंधिया




नई दिल्ली। संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को लोकसभा में बताया कि साइबर अपराधों से निपटने के लिए बनाए गए डिजिटल सूचना प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्म से बड़ी मदद मिल रही है। सिंधिया ने प्रश्नकाल में एक सवाल का जवाब देते हुए बताया कि इस प्लेटफार्म से 620 संस्थाओं को जोड़ा गया है, जिनमें 570 बैंक और 30 से अधिक पुलिस से जुड़े संस्थान शामिल हैं। उन्होंने कहा कि विदेशों से धोखाधड़ी से संबंधित आने वाली फोन कॉल पर लगाम लगाने में भी इस प्लेटफॉर्म के जरिए बड़ी मदद मिल रही है। साइबर अपराधियों की धोखाधड़ी से बैंक भी सतर्क हो जाएं, ऐसी भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार साइबर अपराधों पर लगाम लगाने के मामले में बहुत गंभीर है और सभी सबंधित विभागों से समन्वय करके साइबर धोखाधड़ी से निटपने के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि संचार साथी पोर्टल भी साइबर अपराधों को रोकने में बड़ी सहूलियत दे रहा है। धोखाधड़ी के लिए विदेशों से आने वाली एक करोड़ 35 लाख फोन कॉल को ब्लॉक किया गया है। दक्षिण पूर्व एशियाई देशों से आने वाली ऐसी फोन कॉल को रोकने के विशेष प्रबंध किए गए हैं। ऐसी कॉल उपभोक्ता के मोबाइल फोन पर दिखाई दे, ऐसे भी उपाय किए गए हैं। सिंधिया ने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में बताया कि भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) और महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) की सेवायें बेहतर बनाने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। इसके लिए सरकार की ओर से धन भी मुहैया कराया गया है। बीएसएनएल 4जी से जुड़ी सुविधायें आने वाली हैं और 5जी के लिए भी आगे बढ़ा जायेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### अमृत भारत ट्रेन में विश्व स्तर की सुविधायें उपलब्ध करायी गयी हैं : वैष्णव

नई दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोक सभा में बताया कि अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन में वैश्विक स्तर की सुविधायें उपलब्ध करायी गयी हैं और विभिन्न क्षेत्रों से इस ट्रेन और वंदे भारत ट्रेन को चलाने की मांग बढ़ रही है। श्री वैष्णव ने प्रश्न काल में एक सवाल के जवाब में बताया कि मध्यम और निम्न आय वर्ग के लिए चलायी जाने वाली अमृत भारत ट्रेन में सीसीटीवी कैमरे, नये डिजाइन के शौचालय, मोबाइल फोन चार्जिंग आदि सुविधायें उपलब्ध करायी गयी हैं। इस ट्रेन और वंदे भारत ट्रेन चलाने की मांग देश के विभिन्न क्षेत्रों से निरंतर आ रही हैं। उन्होंने बताया कि तीन वर्ष में वंदे भारत ट्रेन की 144 सेवायें संचालित करा दी गयी हैं। पूरे भारत को वंदे भारत की सेवा से कवर कर लिया गया है। रेल मंत्री ने आईयूएमएल के ईटी मोहम्मद बशीर के प्रश्न के उत्तर में बताया कि केरल में रेल सेवा विस्तार के लिये बहुत काम किया गया है।

**मिशन निसार** — इस तकनीक से रडार सिस्टम की मदद से बहुत अच्छी तस्वीरें ली जा सकेंगी.....

# भारत ने फिर रचा इतिहासः इसरो-नासा का मिशन 'निसार' लॉन्च, अंतरिक्ष से पृथ्वी की करेगा निगरानी

श्रीहरिकोटा, एजेंसी



श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 30 जुलाई यानी आज निसार (नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार) मिशन का प्रक्षेपण किया। आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से बुधवार शाम 5:40 बजे निसार को जीएसएलवी-एस16 रॉकेट के जरिये लॉन्च किया गया। यह ऐसा मिशन है, जिसमें पहली बार किसी जीएसएलवी रॉकेट के जरिये ऐसे उपग्रह को सन-सिंक्रोनस ऑर्बिट (सूर्य-स्थिर कक्ष) में स्थापित किया जाएगा। जीएसएलवी रॉकेट ने लगभग 19 मिनट की यात्रा के बाद उपग्रह को 745 किलोमीटर की ऊंचाई पर सूर्य तुल्यकालिक ध्रुवीय कक्षा में स्थापित किया। सूर्य तुल्यकालिक ध्रुवीय कक्षा (सन-सिंक्रोनस ऑर्बिट) वह होती है, जिसमें उपग्रह पृथ्वी के ध्रुवों के ऊपर से गुजरता है और हर बार जब वह एक विशेष स्थान से गुजरता है तो सूरज की रोशनी की स्थिति एक जैसी रहती है। इसरो के पूर्व वैज्ञानिक राधाकृष्ण कवुलुरु ने मिशन के बारे में बताया कि इसमें नासा ने निसार के लिए एल-बैंड उपलब्ध कराया है जबकि इसरो ने इसके लिए एस-बैंड उपलब्ध कराया है। इससे बड़ी मात्रा में डाटा एकत्र करना संभव हो पाएगा। यह उपग्रह अंटार्कटिका, उत्तरी ध्रुव और महासागरों सहित पृथ्वी से संबंधित व्यापक डाटा प्रसारित करेगा। पूरे विश्व से एकत्र होगा डाटा, हर देश की सरकारें करेंगी इस्तेमाल कवलुरु ने बताया कि निसार पूरी से डाटा एकत्र करेगा और इसका इस्तेमाल व्यावसायिक तथा वैज्ञानिक उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। कवुलुरु ने कहा, इसरो इस डाटा का प्रसंस्करण करेगा और इसका अधिकांश हिस्सा ओपन-सोर्स के रूप में उपलब्ध कराएगा, ताकि दुनियाभर के उपयोगकर्ता इसे आसानी से प्राप्त कर सकें। इससे हम हिमालय और अंटार्कटिका जैसे क्षेत्रों में वनों में होने वाले बदलाव, पर्वतों की स्थिति या स्थान में बदलाव और ग्लेशियरों की गतिविधियों सहित मौसमी परिवर्तनों की निगरानी कर सकेंगे। 12 दिन में पूरी पृथ्वी का डेटा इसरो के मुताबिक, निसार मिशन दोनों अंतरिक्ष एजेंसियों के बीच एक दशक से अधिक लंबे सहयोग में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। इसरो ने बताया कि यह उपग्रह हर 12 दिनों में पूरी पृथ्वी को स्कैन करेगा और दिन-रात, हर मौसम में उच्च-रिजॉल्यूशन वाला डाटा प्रदान करेगा। उपग्रह पृथ्वी की सतह पर अत्यंत सूक्ष्म बदलावों की पहचान करने में सक्षम होगा, जैसे वनस्पति में बदलाव, बर्फ की चादरों का खिसकना और जमीन का विकृति (डिफॉर्मेशन) । इसरो ने कहा कि इस मिशन से समुद्र के स्तर की निगरानी, जहाजों का पता लगाना, तूफानों पर नजर रखना, मिट्टी की नमी में बदलाव, सतही जल संसाधनों की मैपिंग और आपदा प्रबंधन जैसे कई अहम क्षेत्रों में मदद मिलेगी। यह उपग्रह भूकंप से जमीन में आई हल्की दरारें या बर्फ की चादर में बदलाव का पता लगाएगा। दो बैंड पर काम करता है यह उपग्रह जीएसएलवी-एफ18 इस उपग्रह को 743 किलोमीटर ऊंचे सन-साइक्रोनस ऑर्बिट में स्थापित करेगा। जिसका झुकाव 98.40 डिग्री होगा। निसार धरती की निगरानी करने वाला दुनिया का पहला उपग्रह है।

# कोविड वैक्सीन से 90 फीसदी मौतों से हुआ बचाव, नई रिपोर्ट से हुआ खुलासा

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। कोरोना वायरस साल 2019 के अंत में चीन के वुहान से फैला था और देखते ही देखते दुनियाभर में फैल गया था। करीब 5 साल बाद भी कोविड पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। इसके वेरिएंट कोविड संक्रमण फैलाते रहते हैं। साल 2020 में वैज्ञानिकों ने कोविड की वैक्सीन तैयार कर ली। इसके बाद बाजार में कई कंपनियों की वैक्सीन आ गईं। वैक्सीन बनने के बाद दुनियाभर में वैक्सीनेशन अभियान शुरू हुआ और कुछ ही महीनों में अरबों लोगों को वैक्सीन लगाई गई थी। कई लोगों को कोविड वैक्सीन की दो डोज लगाई गई थीं, जबकि कुछ लोगों को कोविड वैक्सीन की बूस्टर डोज भी लगाई गई थी। कई बार कोविड वैक्सीन की प्रभावशीलता पर सवाल भी उठे और कहा गया कि इससे हार्ट अटैक के मामले बढ़ गए। हालांकि हेल्थ एक्सपर्ट्स ने इन बातों को सिरे से खारिज कर दिया। अब कोविड वैक्सीन को लेकर एक नई स्टडी सामने आई है, जिसमें वैज्ञानिकों ने बताया कि वैक्सीन बनने के बाद से अब तक इससे कितने लोगों की जान बची। एक रिपोर्ट के मुताबिक साल 2020 से 2024 के बीच कोविड-19 वैक्सीन ने दुनियाभर में करीब 25.33 लाख लोगों की जान बचाई है। यह जानकारी एक नई अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट से सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक औसतन हर 5,400 वैक्सीन डोज से एक मौत को टाला गया। इस शोध को एक मेडिकल रिसर्च जर्नल में प्रकाशित किया है। रिसर्च में पाया गया कि कोविड वैक्सीन का सबसे बड़ा फायदा 60 साल से ज्यादा उम्र वाले लोगों को मिला। इस उम्र के लोगों में कोविड वैक्सीन से 90 फीसदी मौतों से बचाव हुआ। वैक्सीन से बचाए गए 1.48 करोड़ जीवन-वर्षों में से 76 फीसदी जीवन-वर्ष बुजुर्गों से जुड़े हैं। यह भी पता चला कि जिन लोगों को वायरस से संक्रमित होने से पहले वैक्सीन मिली थी, उनमें से 82 फीसदी की जान बचाई जा सकी। साथ ही ओमिक्रॉन वैरिएंट के समय यानी महामारी की एक अहम अवधि में ही 57 फीसदी मौतों से बचाव हुआ।

## किसान सम्मान निधि की अगली किस्त 2 अगस्त को जारी करेंगे प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की अगली किस्त 2 अगस्त को जारी की जाएगी। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 2 अगस्त को वाराणसी में होने वाले कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसान सम्मान निधि की राशि जारी करेंगे। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक बयान में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 अगस्त को ठीक 11 बजे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि किसानों के खाते में डालने वाले हैं। इस अवसर पर वह किसानों से जुड़कर बात भी करेंगे। इसलिए किसानों से प्रार्थना है कि 2 अगस्त को ठीक 11 बजे आप प्रधानमंत्री के किसी न किसी कार्यक्रम से जरूर जुड़िए। उन्होंने बताया कि सभी कृषि विज्ञान केंद्र, आईसीआर के संस्थान, एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटीज, मंडियां और पैक्स के मुख्यालयों में कार्यक्रम आयोजित होंगे। शिवराज सिंह चौहान ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि आप अपने निकटतम कार्यक्रम में जरूर जुड़ें और प्रधानमंत्री को सुनें।

## प्रियंका ने लोकसभा में उठाया वायनाड के आपदा पीड़ितों को राहत देने का मुद्दा

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। केरल के वायनाड से सांसद और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने लोकसभा में वायनाड में पिछले साल आई भीषण प्राकृतिक आपदा का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने केंद्र सरकार से अपील की कि राहत के रूप में दी गई ऋण राशि को माफ किया जाए, ताकि प्रभावित लोग अपने जीवन को दोबारा शुरू कर सकें। प्रियंका गांधी ने शून्यकाल के दौरान कहा कि वायनाड में एक साल पहले भयंकर भूस्खलन हुआ था, जिसमें सैकड़ों लोगों की जान चली गई और 17 परिवार पूरी तरह तबाह हो गए। इस आपदा में 1600 इमारतें ध्वस्त हो गईं और सैकड़ों एकड़ जमीन पर खड़ी फसलें नष्ट हो गईं। इसका सीधा असर किसानों, व्यापारियों और आम जनता की आजीविका पर पड़ा। कांग्रेस सांसद ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि आपदा राहत के लिए अब तक जो फंड जारी किया गया है, वह न सिर्फ अपर्याप्त है, बल्कि उसे ऋण के रूप में दिया गया, जो पूरी तरह से असंवेदनशील और अभूतपूर्व है।

# जरा देर की बारिश में भाजपा के चारों इंजन फेल हो गए, दिल्ली की गालियां झील तो सड़कें तालाब बन गईं - डॉ. शैली ओबेरॉय

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



नई दिल्ली, दिल्ली में बार-बार हो रहे भारी जल भराव को लेकर आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने बुधवार को सिविक सेंटर स्थित भाजपा के मेयर राजा इकबाल सिंह के ऑफिस का घेराव कर जमकर नारेबाजी की। एमसीडी में ह्लआपह्व के सह प्रभारी और पूर्व विधायक प्रवीन देशमुख के नेतृत्व में हुए जोरदार विरोध प्रदर्शन के दौरान पूर्व मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय समेत सभी पार्षदों के हाथों में ह्लबीजेपी के चारों इंजन डूब गए पानी मेंह्व लिखा बैनर और तख्तियां थी। प्रवीन देशमुख ने कहा कि एक घंटे की बारिश में दिल्ली का बुरा हाल है। चार इंजन होने बाद भी भाजपा जलभराव रोक नहीं पा रही है। अगर मेयर राजा इकबाल सिंह से एमसीडी के इलाकों में जल भराव कंट्रोल नहीं हो पा रहा है, तो वह कुर्सी छोड़ दें। मेयर ऑफिस के बाहर प्रदर्शन के दौरान प्रवीन देशमुख ने कहा कि भाजपा ने दिल्ली का बुरा हाल कर दिया है। ये लोग खुद को चार इंजन की सरकार कहते हैं, लेकिन इन्होंने चार काम भी नहीं किए। बहुत शर्म की बात है कि इस समय जल भराव से दिल्ली डूबी हुई है। एक घंटे की बारिश में दिल्ली का बुरा हाल है। सड़कों, गलियों से लेकर अस्पताल और स्कूलों का जलभराव से बुरा हाल है। भाजपा ने दिल्ली को पूरी तरह जलमग्न कर दिया। भाजपा को शर्म आनी चाहिए। प्रवीन देशमुख ने कहा कि भाजपा केंद्र, दिल्ली सरकार और एमसीडी में है। एलजी भी इनके हैं। फिर भी जलभराव कंट्रोल नहीं हो रहा। मंत्रियों के घरों के बाहर पानी भरा है। फिर भी इन्हें शर्म नहीं आ रही है। अगर मेयर राजा इकबाल सिंह से दिल्ली में काम नहीं हो रहा, तो वह कुर्सी छोड़ दें, भाजपा किसी और काबिल व्यक्ति को कुर्सी दें। दिल्ली को लावारिस और भगवान भरोसे नहीं छोड़ सकते। दिल्ली के लोग परेशान हैं, क्योंकि घंटों ट्रैफिक जाम लग रहा है। कनॉट प्लेस की हालत सबने देखी। लोगों का सामान बर्बाद हुआ। सदर बाजार में दुकानों में पानी घुसा और लाखों का नुकसान हुआ। प्रवीन देशमुख ने कहा कि अगर भाजपा ने कोई कार्रवाई नहीं की, तो हम और बड़ा प्रदर्शन करेंगे। दिल्ली के लोगों के लिए संसद से सड़क तक लड़ाई लड़ेंगे। आम आदमी पार्टी पूरी तरह से तैयार है। पहले हमने झुग्गी वालों और मकान तोड़े गए लोगों के लिए आवाज उठाई। दिल्ली में हर मुद्दे पर आवाज उठाएंगे। जलभराव बड़ा मुद्दा है। इसके लिए ह्लआपह्व पूरी ताकत से लड़ाई लड़ रही है। वहीं, दिल्ली की पूर्व मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय ने कहा कि मंगलवार को कुछ मिनटों की बारिश ने भाजपा के झूठे वादों की पोल खोलकर रख दी। भाजपा की चार इंजन की सरकार दिल्ली में फेल हो चुकी है। केंद्र, दिल्ली सरकार और नगर निगम में भाजपा है। एलजी भी भाजपा के हैं। मंगलवार को साफ दिख गया कि किस तरह से चार इंजन की सरकार फेल हो चुकी है। वीवीआईपी इलाकों से लेकर रिहायशी इलाकों तक पानी ही पानी था। गलियां भी झील बन गईं। सड़कें तालाब बन गए। सरकारी अस्पतालों में पानी घुस गया था। डॉ. शैली ओबेरॉय ने कहा कि आज आम आदमी पार्टी, भाजपा को बताना चाहती हैं कि वह नींद से जाग जाएं। उनकी मुख्यमंत्री कहां हैं? उनके सारे मंत्री कहां हैं, जो बड़े-बड़े झूठे वादे करते थे? मंगलवार को साबित हो गया कि दिल्ली की बदहाली की जिम्मेदार भाजपा है। जलभराव के बाद घंटों तक दिल्ली की जनता जाम में फंसी रही। भाजपा के झूठे वादे कहां गए? व्यवस्था के दावे कहां गए? यह साफ हो गया कि चार इंजन की सरकार दिल्ली में पूरी तरह फेल है। डॉ. शैली ओबेरॉय ने कहा कि भाजपा के वादों पर कहा कि प्रत्यक्ष को प्रमाण की जरूरत नहीं। मंगलवार को दिल्ली का हाल सबने देखा। घुटनों तक पानी था। लोगों की जान गई। यही भाजपा के वादे हैं। भाजपा सिर्फ जुमलेबाजी करती है। झूठे, खोखले वादे करती है। दिल्ली में उनकी सरकार फेल हो चुकी है। आने वाले समय में दिखेगा, कैसे दिल्ली की जनता भाजपा को नकारने वाली है।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस टीकाकरण अभियान को लेकर एसडीएम ने की बैठक

● विभाग ईमानदारी से कर्तव्यों का निर्वाहन कर अभियान को बनाये सफल : रितु रानी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



धामपुर/स्योहारा। उप जिलाधिकारी रितू रानी ने अवगत कराया है कि शासन के निदेर्शानुसार विश्व स्वास्थ्य दिवस टीकाकरण अभियान के अंतर्गत 1अगस्त 2025 से 31 अगस्त 2025 तक स्कूलों में चलाए जाने वाले टीडी टीकाकरण अभियान ओर एन डी डी कार्यक्रम /राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम जो 11 अगस्त को चलाया जाएगा जिसका माप अप राउंड 14 अगस्त को होगा। उपजिलाधिकारी रितू रानी ने सभी से कहा की इस टीडी टीकाकरण अभियान में कोई भी लापरवाही किसी भी स्तर पर क्षम्य नहीं होगी। खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी स्कूलों को नियमित रूप से खोला जाए और लक्षित समूह के बच्चों का शत प्रतिशत टीडी टीकाकरण किया जाए। लापरवाही करने वाले स्कूलों को बख्शा नहीं जाएगा।कोई भी किसी भी स्तर पर लापरवाही न की जाए। यह अभियान सोमवार , मंगलवार ,गुरुवार ओर शुक्रवार को स्कूलों में चलाया जाएगा। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा जनपद बिजनोर के अधीक्षक से/प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ0बी0के0 स्नेही ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग इन दोनों कार्यक्रमो के लिए नोडल विभाग है। इन कार्यक्रम में सभी विभागों का सहयोग लिया जा रहा है। सभी विभागों को अपने कर्मचारियों का प्रशिक्षण करा दिया गया है टीकाकरण के उपरांत रिपोर्ट देना अनिवार्य है। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं की समीक्षा भी की गई ओर सभी को निर्देशित किया गया कि सभी लक्ष्य के अनुपात में अपनी अपनी उपलब्धि प्राप्त करें और अवगत कराए।इस दौरान नायब तहसीलदार राजकमल,यूनिसेफ के रीजनल कॉर्डिनेटर मंडल मुरादाबाद अब्दुल समी अहमद , एडीओ पंचायत धामपुर,सीडीपीओ धामपुर हेमलता सैनी, स्योहारा पुष्पा देवी ,समस्त ब्लॉकों के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी जिनमे सीएचसी स्योहारा से डॉक्टर बी के स्नेही,धामपुर से डॉक्टर अंकित कुमार, कासिमपुर गड़ी डॉक्टर सर्वेश निराला,खंड शिक्षा अधिकारी, धामपुर खंड शिक्षा अधिकारी समेत अन्य ब्लॉकों के सभी तहसील ओर ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, ई ओ नगरपालिका धामपुर ओर शेरकोट, धामपुर की बी एमसी ज्योति रानी, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक राजेश कुमार, ओर डब्ल्यू एचओ के प्रतिनिधि एस एम, दिनेश कुमार राजपूत, संजीव कुमार, गुलशन कुमार और ज्योतिरानी बीएमसी , धामपुर बीपीएम मनीष कुमार, नहटौर बीपीएम अमित कुमार आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### गंगा के जलस्तर में इजाफा, खेतों का कटान शुरू

हसनपुर। पहाड़ी व मैदानी क्षेत्रों में लगातार हो रही बरसात व बिजनौर बैराज से पानी छोड़े जाने की वजह से गंगा का जल स्तर बढ़ गया है। इसके साथ ही फसलों का कटान शुरू हो गया है। सैकड़ों हेक्टेयर भूमि फिर से जलमग्न हो गई है। जानकारी के मुताबिक गंगानगर के नजदीक गंगा की धार का रुख खेतों की ओर हो गया है। ग्रामीणों के मुताबिक बिहारीपुर, नानई व बिरामपुर के सामने गंगा का जलस्तर बढ़ गया है। तटबंध के भीतर के खेतों की फसलों में पानी भर गया है। वहीं एसडीएम पुष्कर नाथ चौधरी ने बताया कि बरसात से जल स्तर में इजाफा हुआ है लेकिन अभी खतरे जैसी कोई बात नहीं है।

### बारिश से लोगों को गर्मी से मिली राहत, जलभराव बना आफत

अमरोहा। बुधवार सुबह हुई बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली लेकिन सड़कों पर हुआ जलभराव आफत बन गया। लोगों को आवागमन में परेशानी हुई। सबसे ज्यादा परेशानी लोगों को बस्ती मार्ग पर झेलनी पड़ी। सड़क के गड्ढों में पानी भरने की वजह से कई बाइक सवार हादसे का शिकार हुए। मंगलवार रात से ही आसमान में घने बादल छाए और हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई। देर रात झमाझम बारिश हुई। बुधवार तड़के से ही बारिश शुरू हो गई। मौसम सुहावना हो गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं सड़कों पर हुए जलभराव से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर के बस्ती मार्ग के अलावा ललिता देवी मार्ग, खाद गुर्जर चौराहा, मंडी समिति, सीएचसी व पशु चिकित्सालय परिसर में पानी भर गया। ऐसे में लोगों को आवागमन में परेशानी हुई। वहीं फसलों को भी बारिश का लाभ मिला। किसानों का कहना है कि इस वक्त गन्ने व धान की फसल को बारिश की सबसे ज्यादा जरुरत है।

### आईजीआई एयरपोर्ट और जनकपुरी अपहरण-लूट कांड में वांछित आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली, । दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने दो अपहरण एवं लूट के मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान मनिंदर उर्फ मोनू उर्फ राहुल के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को भिवाड़ी, राजस्थान से गिरफ्तार किया है। आरोपित आईजीआई एयरपोर्ट और जनकपुरी थाना क्षेत्रों में दर्ज मामलों में वांछित था और अदालत द्वारा पहले ही भगोड़ा घोषित किया जा चुका था।

## बिजनौर में फास्ट फूड बना जहर छोले खाकर 30 से ज्यादा बच्चे-बुजुर्ग बीमार, 5 की हालत गंभीर

प्रात : किरण अवनीश त्यागी



नजीबाबाद (बिजनौर)। गांव बड़ा कनकपुर में सोमवार की शाम एक हृदय विदारक घटना सामने आई जब फास्ट फूड खाने के बाद 25 से 30 बच्चे और बुजुर्ग फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए। स्थिति बिगड़ने पर तीन दर्जन से अधिक लोगों को समीपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनमें से पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है और उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। कई मरीजों को उल्टी, दस्त और पेट दर्द की शिकायत के साथ एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल लाया गया। अस्पताल में अचानक बढ़ी भीड़ से स्वास्थ्यकर्मियों की भागदौड़ तेज हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पास के ही गांव से एक युवक छोले बेचने आया था। ग्रामीणों ने उसी के छोले खाए, जिसके कुछ ही देर बाद लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी। माना जा रहा है कि छोले बासी या दूषित हो सकते हैं। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय विधायक अस्पताल पहुंचे और मरीजों का हालचाल जाना। साथ ही, सीओ और कोतवाल ने मौके पर पहुंचकर स्वास्थ्य अधिकारियों से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। ग्रामीणों में घटना को लेकर गहरी चिंता और नाराजगी देखी गई।

### स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल

इस घटना ने एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों में खुले फूड आइटम्स की गुणवत्ता और प्रशासनिक निगरानी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अगर समय पर एम्बुलेंस और मेडिकल टीम न पहुंचती, तो स्थिति और भयावह हो सकती थी।

### प्रशासन सतर्क, जांच जारी

प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से फूड सेम्पल जांच के लिए भेज दिए हैं और छोले बेचने वाले युवक की पहचान कर उसे हिरासत में लेने की तैयारी की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की टीम पूरे गांव में सर्वे कर रही है, ताकि कोई30 भी बीमार व्यक्ति इलाज से वंचित न रहे। ऐसी घटनाएं जागरूकता और सतर्कता की मांग करती हैं। खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों से परहेज करें और किसी भी लक्षण पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

## हिन्दू सुरक्षा सेवा संघ ने उठाई धर्मांतरण पर रोक लगाने की मांग राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

प्रात : किरण अवनीश त्यागी

बिजनौरः देशभर में बढ़ते धर्मांतरण के मामलों को लेकर हिन्दू सुरक्षा सेवा संघ ने सख्त तेवर अपनाते हुए राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन जिलाधिकारी बिजनौर को सौंपा है। अयोध्या स्थित सिद्ध पीठ हनुमान गढ़ी से संबद्ध यह संगठन, कथित धर्मांतरण नेटवर्क के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की मांग कर रहा है। ज्ञापन में विशेष रूप से मौलाना जावेद को धर्मांतरण गिरोह का मास्टरमाइंड बताते हुए कहा गया है कि उसकी गतिविधियां बिजनौर जनपद के नांगल, किरतपुर और शहरी क्षेत्रों में तेजी से फैल रही हैं। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते कठोर कदम नहीं उठाए गए तो जिले में सामाजिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

### क्या है संगठन की मांग

देशभर में चल रहे धर्मांतरण के नेटवर्क पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाए। मौलाना जावेद जैसे मास्टरमाइंड पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। प्रशासन को चेतावनी झ यदि कोई अप्रिय घटना घटती है तो जिम्मेदार शासन-प्रशासन होगा। धर्मांतरण को रोकने के लिए कड़ा कानून बनाने की भी मांग। ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वाले प्रमुख पदाधिकारी डॉ. हरिओम सिंह झ जिला उपाध्यक्ष, हिन्दू सुरक्षा सेवा संघ विपिन चौहान झ ब्लॉक उपाध्यक्ष सुशील उपाध्याय झ व्यवसाय प्रमुख अजय कुमार झ ब्लॉक अध्यक्ष, अफजलगढ़ महेंद्र मसीह, महिपाल सिंह, पूरन सिंह, देवेंद्र सिंह, शिवा, शंकर सिंह (जिला मंत्री),

## विदुर ब्रांड का धमाकेदार आगाजः बिजनौर की महिलाओं को मिला नया मंच, रोजगार के खुले नए रास्ते

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

● नुमाइश चौराहा बना बदलाव की मिसाल, मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने किया भव्य शुभारंभ

प्रात : किरण अवनीश त्यागी

बिजनौर। बिजनौर के नुमाइश चौराहा आज एक ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बना, जब विदुर ब्रांड आउटलेट और विदुर कैफे का भव्य उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री तथा जनपद प्रभारी श्री कपिल देव अग्रवाल के कर-कमलों द्वारा किया गया। यह पहल ग्रामीण महिलाओं के आत्मनिर्भर भारत की ओर एक बड़ा और ठोस कदम मानी जा रही है।

### गाँव की दीदियों का हुनर अब शहर की दुकानों में

विदुर ब्रांड आउटलेट पर महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए गए 150 से अधिक देसी व स्वदेशी उत्पाद अब शहर के ग्राहकों की पहली पसंद बनने को तैयार हैं। यहाँ शुद्ध हनी, मसाले, अचार, साबुन, आंवला कैंडी, रागी चिप्स, टेडी बियर, सैनिटरी पैड्स, जैकेट, आटा, तेल और आकर्षक गिफ्ट पैक जैसी चीजें खरीदी जा सकती हैं – वो भी बिल्कुल देसी स्वाद और भरोसे के साथ।

### विदुर कैफेः स्वाद, सम्मान और स्वावलंबन का संगम

बिजनौर का पहला कैफे विदुर कैफे, न केवल स्वादिष्ट नाश्ते और लोकल पेय पदार्थों जैसे गंगा शुद्ध जल और बिजनौरी जीरा पेय से ग्राहकों का दिल जीत रहा है, बल्कि यह महिलाओं को रोजगार और नेतृत्व देने वाला नया मंच भी बन चुका है। यह कैफे ग्रामीण महिलाओं के परिश्रम, प्रबंधन और सेवा भाव का जीवंत उदाहरण है।

### मंत्री बोलेः विदुर ब्रांड हुनर, मेहनत और आत्मबल की पहचान

उद्घाटन अवसर पर मंत्री श्री कपिल देव अग्रवाल ने विदुर ब्रांड की सराहना करते हुए कहा यह केवल एक दुकान या कैफे नहीं, बल्कि महिलाओं की आत्मनिर्भरता की कहानी है। विदुर ब्रांड प्रदेश के हर जनपद में फैलना चाहिए।

### नेतृत्व और सहयोगः जिनके प्रयास से सपना हुआ साकार

इस शानदार पहल के पीछे जनपद की प्रशासनिक टीम की मेहनत भी अहम रही।जिलाधिकारी श्रीमती जसजित कौर, आईएएस और मुख्य विकास अधिकारी श्री पूर्ण बोराह, आईएएस के कुशल नेतृत्व में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM) के तहत विदुर ब्रांड को आकार मिला। यह ब्रांड आज महिला सशक्तिकरण और लोकल प्रोडक्ट्स की मार्केटिंग का सफल मॉडल बनकर उभर रहा है।

## आर.एस.पी. और एम.क्यू.इंटर कॉलेज की एनसीसी भर्ती प्रक्रिया संपन्न,150 अभ्यर्थियों ने किया प्रतिभाग



प्रात : किरण संवाददाता, नादिर त्यागी

धामपुर। 32 वीं यूपी बटालियन एनसीसी धामपुर के कमान अधिकारी कर्नल गणेश शंकर विद्यार्थी के दिशा निर्देशन में आरएसपी इंटर कॉलेज और एम. क्यू. इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं की एन.सी.सी. के लिए भर्ती संपन्न हुई यह भर्ती एम.क्यू.इंटर कॉलेज के मैदान में हुई ' जिसमें प्रतिभागियों ने अपना दमखम दिखाया ' सर्वप्रथम प्रतिभाग करने वाले छात्राओं का चिकित्सा परीक्षण कर तथा उनके आवश्यक प्रमाण पत्रों की जांच की गई शारीरिक परीक्षा के साथ-साथ लिखित परीक्षा में भी उन्होंने अपना भाग्य आजमाया सभी प्रतिभागी खासे उत्साहित दिखाई दिए बटालियन के सूबेदार मेजर बलवंत सिंह का कहना है कि सभी प्रतिभागियों की निष्पक्षता के साथ मेरिट बनेगी मेरिट के आधार पर ही सभी का चयन किया जाएगा ' इस अवसर पर कप्तान मोहम्मद यूनुस चौधरी लेफ्टिनेंट धीरज शर्मा, सूबेदार मेजर बलवंत सिंह, हवलदार अर्जुन सिंह, हवलदार सुरेंद्र सिंह, हवलदार ज्ञानेंद्र श्रेष्ठ, रोहित कुमार आदि रहे।

## अवैध कारोबार और कब्रिस्तान भूमि पर कब्जा बिजनौर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई शुरू

प्रात : किरण अवनीश त्यागी

बिजनौर, शहर में अवैध कारोबार और धार्मिक जमीन पर अतिक्रमण को लेकर प्रशासन ने सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। जिलाधिकारी कार्यालय में दर्ज कराई गई शिकायत के बाद खालिद, तालिब, आबिद पुत्र ताहिर समेत अन्य के खिलाफ आरा मशीन, प्लाई फैक्ट्री, फर्नीचर व हार्डवेयर शोरूम जैसे अवैध व्यापार संचालन और सरकारी भूमि पर कब्जे के आरोपों की जांच शुरू हो गई है। शिकायत को गंभीर मानते हुए अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) के आदेश पर उप जिलाधिकारी (न्यायिक) ने चांदपुर रोड, मछली बाजार स्थित आरा मशीनों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मशीन संचालन से संबंधित दस्तावेज अधूरे पाए गए, जिससे अनियमितताओं की पुष्टि हुई। अब प्रभागीय निदेशक, बिजनौर को इन मशीनों की विभागीय जांच का जिम्मा सौंपा गया है। इसी क्रम में मोहल्ला चाहशीरीं स्थित कब्रिस्तान की जमीन पर अवैध कब्जे का मामला भी प्रकाश में आया है। उप जिलाधिकारी (न्यायिक) ने क्षेत्रीय लेखपाल के साथ स्थल का निरीक्षण किया, जिसमें वकार पुत्र दिलावर, गौस मुहम्मद पुत्र अब्दुल वाहीद, सुल्तान पुत्र फैजान और राहत पुत्र इकरामुद्दीन के अवैध कब्जे की पुष्टि हुई। प्रारंभिक जांच में भूमि कब्रिस्तान की प्रतीत हुई है। मामले की स्पष्टता के लिए तहसीलदार को अभिलेखीय व स्थलीय पैमाइश कर दो दिनों में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं।


**THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY AND IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT AND DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE TO SECURITIES. NOT FOR RELEASE, PUBLICATION OR DISTRIBUTION DIRECTLY OR INDIRECTLY OUTSIDE INDIA.**

**PUBLIC ANNOUNCEMENT**

VALUE 360
Managing Brand Equity

(Please scan the QR code to view the DRHP)

# VALUE 360 COMMUNICATIONS LIMITED

**Corporate Identity Number: U22222DL2009PLC189466**

Our Company was incorporated as a private limited company under the name and style of 'Value 360 Communications Private Limited', under the Companies Act, 1956, pursuant to a certificate of incorporation dated April 17, 2009 having corporate identification number U22222DL2009PTC189466 issued by the Assistant Registrar of Companies, Delhi & Haryana. Subsequently, our Company was converted into a public limited company pursuant to a resolution passed by our Board of Directors in its meeting held on December 02, 2024, and by the Shareholders in an extraordinary general meeting held on December 27, 2024, and consequently the name of our Company was changed to 'Value 360 Communications Limited' and a fresh certificate of incorporation dated January 29, 2025 was issued by the Registrar of Companies, Central Processing Centre. The corporate identification number of our Company is U22222DL2009PLC189466. For change in registered office and other details please see *"Our History and Certain Corporate Matters"* on page 161 of this Draft Red Herring Prospectus.

**Registered Office:** 43A, Okhla Industrial Estate, Phase III, South Delhi, New Delhi, Delhi, India, 110020
**Telephone No:** 011-46658888 | **Website:** www.value360india.com | **E-Mail:** Compliance@value360india.com;
**Company Secretary and Compliance Officer:** Ms. Bhakti Sharma

**OUR PROMOTERS: MR. KUNAL KISHORE, MR. GAURAV PATRA AND MRS. MANISHA CHAUDHARY**

**INITIAL PUBLIC ISSUE OF UPTO 42,55,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10 /- EACH OF VALUE 360 COMMUNICATIONS LIMITED (FORMERLY KNOWN AS "VALUE 360 COMMUNICATIONS PRIVATE LIMITED"), ("VALUE360" OR THE "COMPANY" OR THE "ISSUER") FOR CASH AT A PRICE OF ₹ [●]/- PER EQUITY SHARE INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹ [●]/- PER EQUITY SHARE (THE "ISSUE PRICE") AGGREGATING TO ₹ [●]/- LAKHS ("THE ISSUE"), OF WHICH [●] EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ [●]/- EACH FOR CASH AT A PRICE OF ₹ [●]/- PER EQUITY SHARE INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹ [●]/- PER EQUITY SHARE AGGREGATING TO ₹ [●]/- LAKHS WILL BE RESERVED FOR SUBSCRIPTION BY MARKET MAKER TO THE ISSUE (THE "MARKET MAKER RESERVATION PORTION"). THE ISSUE LESS THE MARKET MAKER RESERVATION PORTION I.E. NET ISSUE OF [●] EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ [●]/- EACH AT A PRICE OF ₹ [●]/- PER EQUITY SHARE INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹ [●]/- PER EQUITY SHARE AGGREGATING TO ₹ [●]/- LAKHS IS HEREINAFTER REFERRED TO AS THE "NET ISSUE". THE ISSUE AND THE NET ISSUE WILL CONSTITUTE [●] % AND [●] %, RESPECTIVELY, OF THE POST ISSUE PAID UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY.**

**ATTENTION PUBLIC**

This is to inform that the Company has filed Draft Red Herring Prospectus (DRHP) dated July 29, 2025, with the EMERGE Platform of National Stock Exchange of India Limited ("NSE EMERGE"), in respect of the proposed Initial Public Offer ("IPO") of the Company in accordance with Chapter IX of the SEBI ICDR Regulations, 2018 (Initial Public Offer by Small and Medium Enterprise).

This public announcement is made in compliance with the Regulation 247(2) of the SEBI ICDR Regulations, 2018, which requires the draft offer document shall be made available to the public for comments, if any, for a period of at least 21 days, from the date of such filing by hosting it on the website of the exchange, the Issuer and the Book Running Lead Manager ("BRLM"). Accordingly, it may be noted that the DRHP dated July 29, 2025, filed by the Company is hosted on the website of the National Stock Exchange of India Limited ("NSE") at www.nseindia.com, and the website of the Company at www.value360india.com, and at the website of BRLM i.e. Horizon Management Private Limited at www.horizonmanagement.in. Our Company hereby invites the members of the public to give their comments to Stock Exchange, to Company Secretary and Compliance Officer of our Company and /or the BRLM at their respective addresses mentioned below. All comments must be received by NSE Emerge and/or our Company and/or BRLM in relation to the issue on or before 5 p.m. on the 21st day from the aforesaid date of filing the Draft Red Herring Prospectus with EMERGE Platform of National Stock Exchange of India Limited ("NSE EMERGE").

Investments in equity and equity-related securities involve a degree of risk and investors should not invest any funds in this Offer unless they can afford to take the risk of losing their entire investment. Investors are advised to read the risk factors carefully before taking an investment decision in this Offer. For taking an investment decision, investors must rely on their own examination of our Company and this Offer, including the risks involved. The Equity Shares have not been recommended or approved by the SEBI, nor does SEBI guarantee the accuracy or adequacy of the contents of this DRHP. Specific attention of the investors is invited to the section titled ***"Risk Factors"*** beginning on page 28 of the DRHP.

Any decision to invest in the Equity Shares described in the DRHP may only be taken after the Red Herring Prospectus (RHP) has been filed with the RoC and must be made solely on the basis of such RHP as there may be material changes in the RHP from the DRHP. The Equity Shares, when offered through the Prospectus, are proposed to be listed on the EMERGE Platform of National Stock Exchange of India Limited ("NSE EMERGE").

For details of the main objects of the Company as contained in its Memorandum of Association, please refer to the section titled ***"Our History and Certain other Corporate Matters"*** beginning on page 161 of the DRHP. The liability of the members of the Company is limited. For details of the share capital and capital structure of the Company and the names of the signatories to the Memorandum of Association and the number of shares subscribed by them, please refer to the section titled ***"Capital Structure"*** beginning on page 70 of the DRHP.

| BOOK RUNNING LEAD MANAGER | REGISTAR TO THE OFFER | COMPANY SECRETARY AND COMPLIANCE OFFICER |
|---|---|---|
| **Horizon Management Private Limited**<br>19 R N Mukherjee Road, Main Building, 2nd Floor, Kolkata- 700 001, West Bengal, India.<br>**Telephone:** +91 33 4600 0607<br>**E-mail:** akash.das@horizon.net.co<br>**Website:** www.horizonmanagement.in<br>**Investor Grievance E-mail:** investor.relations@horizon.net.co<br>**SEBI Registration Number:** INM000012926<br>**Contact Person:** Akash Das | KFINTECH EXPERIENCE TRANSFORMATION<br>**KFin Technologies Limited**<br>KFin Selenium, Tower B, Plot 31-32, Gachibowli, Financial District, Nanakarmguda, Hyderabad – 500032<br>**Telephone:** +91 40 6716 2222<br>**E-mail:** vpil.ipo@kfintech.com<br>**Website:** www.kfintech.com<br>**Investor Grievance:** einward.ris@kfintech.com<br>**Contact Person:** Mr. Prashant Ramakant Purav<br>**SEBI Registration No.:** INR000000221 | VALUE 360 Managing Brand Equity<br>**VALUE 360 COMMUNICATIONS LIMITED**<br>**Bhakti Sharma**<br>**Address:** 43A, Okhla Industrial Estate, Phase III, South Delhi, New Delhi, Delhi, India, 110020.<br>**Telephone:** +91 011-46658888<br>**E-mail:** Compliance@value360india.com<br>**Website:** www.value360india.com<br>Investors can contact our Company Secretary and Compliance Officer, Book Running Lead Manager or Registrar to the Issue, in case of any pre issue or post issue related problems, such as non- receipt of letter of allotment, non- credit of allotted Equity shares in the respective beneficiary account, non-receipt of refund orders and non-receipt of funds by electronic mode etc. |

All capitalized terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in the DRHP.

**For VALUE 360 COMMUNICATIONS LIMITED**
**On behalf of the Board of Directors**
**Sd/-**
**Bhakti Sharma**
**Company Secretary and Compliance Officer**

**Place:** Delhi
**Date:** July 30, 2025

**Value 360 Communications Limited** is proposing, subject to, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to make an initial public issuance of its Equity Shares and has filed the DRHP dated July 29, 2025, with NSE EMERGE. The DRHP shall be available on the website of the NSE at www.nseindia.com, and the website of the Company at www.value360india.com, and at the website of BRLM i.e. Horizon Management Private Limited at www.horizonmanagement.in., respectively. Any potential investor should note that investment in equity shares involves a high degree of risk and for details relating to such risk, please see ***"Risk Factors"*** of the RHP, when available. Potential investors should not rely on the DRHP for making any investment decision. Specific attention of the investors is invited to ***"Risk Factors"*** beginning on page 28 of the DRHP.

The Equity Shares offered in the Issue have not been and will not be registered under the United States Securities Act of 1933, as amended ("U.S. Securities Act") or any state securities laws in the United States, and unless so registered, may not be offered or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the U.S. Securities Act and in accordance with any applicable U.S. state securities laws. Accordingly, the Equity Shares are being offered and sold outside the United States in 'offshore transactions' in reliance on Regulations under the U.S. Securities Act and the applicable laws of the jurisdictions where such offers and sales are made. The Equity Shares have not been and will not be registered, listed or otherwise qualified in any other jurisdiction outside India and may not be offered or sold, and Bids may not be made by persons in any such jurisdiction, except in compliance with the applicable laws of such jurisdiction.

AdBaaz



# 56 करोड़ की सडक़ इसी बारिश में बही

## अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान कांग्रेस ने जर्जर सडक़ों का मुद्दा उठाया

**भोपाल, प्रात: किरण संवाददाता।**

मप्र विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन बुधवार को सदन में अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान कांग्रेस विधायक लखन घनघोरिया ने कहा कि पहले सडक़ें बनती थीं तो कम से कम एक बारिश में कोई दिक्कत नहीं होती थी। अब 40 दिन में सडक़ें उखड़ रही हैं। जबलपुर की सडक़ों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि 56 करोड़ की सडक़ इसी बारिश में बह गई। अधिकारी दिखावे की कार्रवाई करते हैं।

कांग्रेस विधायक लखन घनघोरिया ने पौधारोपण पर होने वाले खर्च पर भी सवाल उठाए। जबलपुर की सडक़ों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि 56 करोड़ की सडक़ इसी बारिश में बह गई है। घनघोरिया ने जबलपुर के ज्ञान गंगा ग्रुप का जिक्र करते हुए कहा कि दिखावे के तौर पर कार्रवाई की जाती है। बड़े ग्रुपों पर कार्रवाई नहीं हुई है। अधिकारी अपनी मर्जी से सिर्फ छपास की बीमारी के कारण ऐसा कर रहे हैं।

### 40 दिन में 40 लाख की सडक़ उखड़ी

घनघोरिया ने कहा कि सरकार 4 लाख करोड़ से अधिक के कर्ज में है। इसके बाद भी अनुपूरक बजट लाया जा रहा है। बजट बार-बार आ रहा है और खर्च भी बढ़ रहा है। उन्होंने नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की ओर ध्यान आकृष्ट कर कहा कि 40 दिन में 40 लाख की सडक़ उखड़ गई है। पहले सडक़ें बनती थीं तो कम से कम एक बारिश में कोई दिक्कत नहीं होती थी। अब 40 दिन में सडक़ें उखड़ रही हैं। सिंघार ने नगरीय विकास विभाग में स्मार्ट के नाम पर किए जाने वाले गड़बड़झाले की ओर मंत्री का ध्यान आकृष्ट किया।

### खर्च को लेकर अफसरों से चर्चा की जानी चाहिए

अनुपूरक बजट पर चर्चा करते हुए भाजपा विधायक अर्चना चिटनीस ने कहा कि साल भर में एक बार सभी संभागों के अफसरों को बुलाकर चर्चा की जानी चाहिए। इससे अनुपूरक बजट के साथ प्रदेश के बजट को लेकर खर्च की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। कांग्रेस विधायक राजेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि यशपाल सिंह सरकार की खूब पैरवी करते थे लेकिन मंत्री नहीं बन पाए अब विधायक अर्चना कर रही हैं, इस पर विधायक चिटनीस ने कहा कि वह विधायक बनकर खुश हैं, मंत्री नहीं बनना चाहती।

# मछली परिवार का 50 करोड़ का अवैध निर्माण तोड़ा

## अनंतपुरा कोकता में बड़ी कार्रवाई; फार्म हाउस, वेयर हाउस, फैक्ट्री, मकान पर चला बुलडोजर

**राजधानी भोपाल में एमडी ड्रग्स तस्करी और लव जिहाद के सनसनीखेज मामले में आरोपी शारिक मछली और उसके परिवार के के खिलाफ लगातार शिकंजा कसता जा रहा है। इसी कड़ी में यासीन और उसके परिवार वालो के अवैध ठिकानों पर प्रशासन और पुलिस की टीम ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए लाखो रुपये कीमत की बिल्डिंगो पर बुलडोजर चलाकर जमीदोंज कर दिया।**

**भोपाल, प्रात: किरण संवाददाता।**

भोपाल के अनंतपुरा कोकता में ड्रग तस्कर शारिक मछली और उसके परिवार से जुड़े करीब 50 करोड़ रुपए के अवैध निर्माण को जेसीबी से तोड़ दिया गया। आरोपियो ने यहां सरकारी जमीन पर ही फॉर्म हाउस, वेयर हाउस, फैक्ट्री, मकान बना लिए गए थे।

कार्यवाही को लेकर बुधवार सुबह हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया के नेतृत्व में दर्जन भर से अधिक जेसीबी और 200 जवानों का पुलिस बल आनंद नगर पहुंच गया था। इसके बाद अवैध निर्माण को तोड़ दिया गया। बताया गया है कि मछली परिवार का यहां करोड़ो की करीब 50 एकड़ जमीन पर कब्जा था। इस जमीन पर तीन मंजिला मकान, फार्म हाउस, रिसॉर्ट सहित अतिक्रमण कर बनाया गया अन्य निर्माण भी शामिल है। वहीं ड्रग्स तस्कर के खिलाफ की गई अतिक्रमण की कार्रवाई को लेकर मंत्री कृष्णा गौर ने कहा- यह शुरुआत है।

आगे देखिए और भी बड़ी कार्रवाई होगी। इस प्रकार का अपराध करने वाले लोग मानव समाज के बहुत बड़े दुश्मन है। अपराधी कोई भी हो उसे बक्शा नहीं जाएगा, चाहे वह किसी भी दल का हो। अपर कलेक्टर भोपाल ने बताया कि 12 ठिकानों को शफीक मछली परिवार के चिन्हित किया गया है, जिनको तोड़ा जा रहा है, इसमें फार्म हाउस, घर, रिसॉर्ट, स्कूल, कॉलेज, भी शामिल है। गौरतलब है कि ड्रग्स तस्करी, रेप और ब्लैकमेलिंग मामले में शाहवर मछली और उसके भतीजे यासीन को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया था। तलाशी में उनके पास से तीन ग्राम एमडी ड्रग, एक देशी पिस्टल बरामद हुई थी। दोनों की गिरफ्तारी के बाद यासीन का चाचा शारिक मछली के खिलाफ भी जानकारी हाथ लगने पर पुलिस ने उस पर भी शिकंजा कस दिया।



### इनके खिलाफ हुई कार्रवाई

- शकील अहमद पिता शरीफ अहमद का फॉर्म हाउस खसरा नंबर 55 शासकीय भूमि में स्थित वार्ड-62 अनंतपुरा कोकता।
- शारिक पिता शरीफ अहमद का वेयर हाउस 40 हजार वर्ग फीट पर वार्ड-62 अनंतपुरा कोकता।
- शकील अहमद पिता शरीफ अहमद का सुमन फार्म शासकीय भूमि पर वार्ड-62 अनंतपुरा कोकता।
- इरशाद अहमद पिता सरफराज मोहम्मद खान द्वारा कारखाना शासकीय भूमि पर वार्ड-62 अनंतपुरा कोकता में बनाया गया।
- अता उल रहमान पिता मुफ्ती रईस अहमद खान द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध मदरसा वार्ड नंबर 62 अनंतपुरा कोकता बनाया गया।
- शारिक अहमद उर्फ मछली, सोहेल अहमद, शफीक अहमद की तीन मंजिल कोठी शासकीय भूमि पर निवासी वार्ड-62 अनंतपुरा कोकता।

### आदिवासियों पर अत्याचार का आरोप, वन अधिकार के पट्टे देने की मांग

**भोपाल, प्रात: किरण संवाददाता।** विधानसभा के मानसून सत्र का बुधवार को तीसरा दिन है। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले कांग्रेस के विधायकों ने पेसा कानून को सही तरीके से लागू न किए जाने के विरोध में प्रदर्शन किया। कांग्रेसी विधायक सत्र के तीसरे दिन शरीर पर पत्ते लपेटकर पहुंचे। कांग्रेस ने आदिवासियों पर अत्याचार का आरोप लगाया और विधानसभा में गांधी जी की प्रतिमा के पास बैठकर प्रदर्शन किया। विपक्ष ने कहा कि जंगलों से आदिवासियों को बेदखल किया जा रहा है। वन अधिकार के पट्टे देने की मांग की है। सरकार पर आदिवासियों को वन क्षेत्र से बेदखल किए जाने का आरोप लगाया। इस पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा- मुझे लगता है कि जिन्होंने जीवन में कुछ नहीं किया उन्हें मूल्यांकन का भी अधिकार नहीं है। पेसा के मामले में जिस ढंग से काम हुआ है वह बेहतरीन है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि 20 साल से आपकी सरकार है। सरकार जेसीबी चला रही हैं, आदिवासियों को पट्टे नहीं दिए जा रहे हैं, इस पर सरकार को विचार करना चाहिए। मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि आज तक किसी भी सरकार ने इतने पट्टे नहीं दिए जितने बीजेपी की सरकार ने दिए हैं।

# डायल 100 होगी बंद

## नई सुविधाओं से लैस डायल 112 वाहन तैयार

**भोपाल, प्रात: किरण, संवाददाता।** मध्य प्रदेश में 15 अगस्त से आपातकालीन सेवा देने वाली पुलिस विभाग की डायल 100 बंद हो जाएगी। इसकी जगह अब आधुनिक और नव अवतार में 112 सेवा शुरू की जाएगी। सरकार डायल 100 की जगह नई सेवा शुरू करने जा रही है, जिसे नाम दिया गया है डायल 112। गौरतलब है कि वर्ष 2015 में गृह विभाग ने पूरे प्रदेश में डायल 100 के लिए नई गाडिय़ां चलाई थी। अब ये वाहन पूरी तरह से कंडम हो चुके हैं या फिर मरम्मत के लिए बहुत अधिक राशि मांग रहे हैं।

डायल 100 के बदले सरकार 15 अगस्त से डायल 112 सेवा शुरू कर रही है। इसके लिए नई गाडिय़ां आ गई हैं। मध्य प्रदेश के सभी 52 जिलों के लिए 1200 नई फर्स्ट रिस्पांस व्हीकल (एफआरवी) तैनात की जाएंगी। जिनमें 600 स्कॉर्पियो-एन शहरी क्षेत्रों में और 600 बोलेरो नियो प्लस ग्रामीण क्षेत्रों में दौड़ेंगी। ये गाडिय़ां आधुनिक तकनीक से लैस होंगी। जैसे कि जीपीएस, वायरलेस, डिजिटल नेविगेशन सिस्टम, और लाइव लोकेशन ट्रैकिंग आदि।

### डायल 112 घायलों को अस्पताल भी भेजेगी

डायल 100 के पर्यवेक्षक नकुल सोनी ने बताया कि नई गाडिय़ां सेवा में आते ही डायल 100 नंबर पूरी तरह बंद हो जाएगा। इसकी जगह लोगों को डायल 112 पर जानकारी देनी होगी। अभी तक यह व्यवस्था थी कि डायल 100 मौके पर पहुंचकर सहायता उपलब्ध कराती थी। लेकिन इसमें घायल व्यक्तियों को अस्पताल तक भेजने की व्यवस्था नहीं थी। जो नई गाडिय़ां आ रही हैं, उनमें घायल व्यक्ति के लिए स्ट्रेचर एवं अन्य मेडिकल सुविधाओं के साथ अस्पताल तक ले जाने की व्यवस्था भी रहेगी।

### डायल 112 वाहन एंबुलेंस की भांति करेगी काम

कई बार एंबुलेंस आने में देर हो जाती है, जिससे घायल व्यक्ति को बचाना मुश्किल हो जाता है। लेकिन अब 112 एंबुलेंस का काम भी करेगी। डायल 112 में लाइव जीपीएस ट्रेकिंग होगा। पुरानी डायल 100 में जीपीएस सिस्टम नहीं था। लेकिन नई गाडिय़ों में लाइव जीपीएस सिस्टम है। जिससे उन्हें ट्रैक किया जा सकेगा कि गाड़ी कितनी देर में मदद को पहुंच पा रही है या ट्रेकिंग के समय वह किस स्पॉट पर उपलब्ध है। इसके अलावा अब व्यक्ति को नंबर लगाने पर ज्यादा देर तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा, क्योंकि ऐसी व्यवस्था की गई है कि नया कंट्रोल रूम 100 कॉल एक साथ ले सकेगा। इसके लिए 100 कॉल ट्रैकर्स और 30 डिस्पैचर के साथ काम करेगा।

# नाग पंचमी के दिन घर के कमरे में आया कोबरा

## घर वाले के साथ पड़ोसियों ने विधि-विधान से की पूजा पाठ

**कोरबा, प्रात: किरण संवाददाता।** कोरबा जिले के साथ पूरे भारत में नाग पंचमी के अवसर पर मंदिरों में नागों की विशेष पूजा-पाठ की गयी। नाग पंचमी के अवसर पर नाग देवता के दर्शन के साथ पूजा-पाठ का विशेष महत्व है, इसी कड़ी में पोड़ीबहार में रहने वाले एक परिवार के घर जब एक कमरे में कोबरा (नाग) दिखाई दिया। तब पूरा मोहल्ला इकट्ठा होना शुरू हो गया, साथ ही उसकी आवाज सुनकर घरवाले कांप गए। जहां लोगों में सांपों के प्रति आस्था हैं, वहीं डर भी रहता हैं। उसके संरक्षण के उद्देश्य से परिवार वालों ने उसकी जानकारी कोरबा जिले के रेस्क्यु टीम प्रमुख जितेंद्र सारथी को दी, जिस पर उन्होंने थोड़ी देर में पहुंचने की बात



कही। जब वे वहां पहुंचे तो देखा की कोबरा सांप कमरे के छज्जे में सामानों के बीच बैठा था। बड़ी सावधानी से सभी सामान को हटाया गया फिर उसको सफलता पूर्वक रेस्क्यु किया गया।

जानकारी के अनुसार पोड़ी बहार में जैसे ही नाग सांप होने को सूचना पड़ोसियों की मिली लोग बड़ी संख्या में एकत्रित होना चालू हो गए फिर रेस्क्यु के पश्चात् परिवार के साथ मोहल्ले वालों ने नाग देवता के शुभ दिन दर्शन होने पर पूरी विधि विधान से नाग सांप का नारियल फूल और दीप दिखाकर पूजा पाठ किया गया साथ ही सभी को प्रसाद भी दिया गया।

### एप्प के माध्यम से आनलाईन सत्यापन कर सकते हैं पेंशन हितग्राही

**कोरबा, प्रात: किरण संवाददाता।** नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा शासन की विभिन्न पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों से कहा गया है कि वे बेनीफिशयरी सत्यापन एप्प के माध्यम से वेरीफिकेशन का कार्य आनलाईन रूप से कर सकते हैं, मोबाईल फोन के प्ले स्टोर में जाकर उक्त एप्प को फोन पर इंस्टाल कर सत्यापन का कार्य किया जा सकता है, भारत सरकार एवं छ.ग. शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित केन्द्रीय पेंशन योजनाओं यथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन के हितग्राहियों के वार्षिक सत्यापन हेतु सत्यपान एप्प एक ऐसा एप्लिकेशन है जिसका उपयोग भारत सरकार व राज्य सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों के द्वारा ई-केवाईसी सत्यापन के लिए किया जाना है।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक

## कई अहम प्रस्तावों को मिली मंजूरी

**रायपुर, प्रात: किरण संवाददाता।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज महानदी भवन में मंत्रिपरिषद की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में राज्य के विकास से जुड़े कई अहम प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। इनमें खेल, खनिज, राजस्व और रेत खनन जैसे विविध क्षेत्रों से जुड़े निर्णय शामिल रहे। कैबिनेट ने छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (छ्स्स्स) को नवा रायपुर (अटल नगर) के सेक्टर-3, ग्राम परसदा में अत्याधुनिक क्रिकेट अकादमी की स्थापना के लिए 7.96 एकड़ भूमि आबंटित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। इससे राज्य के उभरते क्रिकेट खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रशिक्षण सुविधाएं मिल सकेंगी। सरकार का



मानना है कि इस अकादमी के माध्यम से छत्तीसगढ़ क्रिकेट के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान बना सकेगा। मंत्रिपरिषद ने भारत सरकार के खान मंत्रालय की संशोधित गाइडलाइंस के अनुरूप 'छत्तीसगढ़ जिला खनिज संस्थान न्यास नियम, 2015' में आवश्यक संशोधन को मंजूरी दी। इसके तहत न्यास की कुल राशि का कम से कम 70त्र व्यय उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों—जैसे पेयजल, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला-बाल कल्याण, स्वच्छता, कौशल विकास और पशुपालन—पर किया जाएगा। राज्य सरकार ने रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन पर लगाम लगाने हेतु पुराने नियमों को निरस्त कर छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम-2025 को मंजूरी दी है। नए नियमों के तहत अब रेत खदानों का आवंटन इलेक्ट्रॉनिक नीलामी के माध्यम से किया जाएगा, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित होगी और राज्य को राजस्व में भी लाभ मिलेगा। साथ ही, पर्यावरण और सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन किया जाएगा। कैबिनेट ने ग्रामीण कृषि भूमि की दर निर्धारण प्रक्रिया में बदलाव करते हुए अब सम्पूर्ण भूखंड की गणना हेक्टेयर दर से करने का निर्णय लिया है। पहले 500 वर्गमीटर तक के भूखंड की दरें अलग से तय होती थीं। इसके साथ ही, सिंचित भूमि के ढाई गुना मूल्य निर्धारण के पुराने प्रावधान को समाप्त कर दिया गया है। यह बदलाव विशेष रूप से भारतमाला परियोजना और बिलासपुर अरपा-भैंसाझार क्षेत्र में सामने आए भूमि मूल्य अनियमितताओं को रोकने की दिशा में अहम माना जा रहा है। शहरी सीमा से लगे गांवों और निवेश क्षेत्रों की भूमि के मूल्य अब वर्गमीटर दर से तय होंगे।

### कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने ली समय सीमा की बैठक

**रायपुर, प्रात: किरण संवाददाता।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले के विकास एवं प्रशासनिक कार्यों की गहन समीक्षा की गई। बैठक में अधिकारियों को शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर डॉ. सिंह ने ऊर्जा और बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें और लक्ष्यों को समय पर पूरा करें। उन्होंने शासकीय भवनों को सोलर पैनल से युक्त किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। खाद्य विभाग को राशन दुकानों का नियमित निरीक्षण करने तथा आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

# भोपाल का बड़ा तालाब 3.6 फीट ही खाली

## जलस्तर 1663.20 फीट पहुंचा, कोलांस नदी उफान पर

**रायपुर, प्रात: किरण संवाददाता।** भोपाल की लाइफ लाइन बड़ा तालाब अब सिर्फ 3.6 फीट ही खाली है। बुधवार सुबह तक जलस्तर 1663.20 फीट पहुंच गया। कैचमेंट एरिया में बारिश होने और कोलांस नदी के उफान पर होने से पानी लगातार बढ़ रहा है। इधर, तेज बारिश का दौर तो थम गया है, लेकिन कई इलाकों में अब भी जलभराव के हालात बने हुए हैं।

कोलार रोड स्थित जानकी सोसायटी, मंदाकिनी चौराहा, करोंद, शिवनगर, अयोध्या बायपास की कई कॉलोनियों में 2 से 3 फीट तक पानी भरा हुआ है। जानकी सोसायटी में तो पूरे बेसमेंट में ही पानी भरा है। इस वजह से टूव्हीलर्स पानी में डूब गए हैं। मंदाकिनी चौराहे की कई बिल्डिंग के बेसमेंट



में पानी भरा हुआ है। अयोध्या बायपास स्थित इको ग्रीन पार्क में जलभराव से थोड़ी राहत मिली है।

**10 फीट ऊपर बही कोलांस**

सीहोर जिले में तेज बारिश का दौर बना हुआ है। वहीं, बड़े तालाब के कैचमेंट एरिया में भी बारिश हो रही है। इस वजह से बुधवार सुबह कोलांस नदी 10 फीट ऊपर बही। इससे बड़ा तालाब में पानी का लेवल बढ़ रहा है। बड़ा तालाब जब पूरा भरेगा तब भदभदा के गेट खुलेंगे और यह पानी सीधे कलियासोत डैम में पहुंचेगा।

### बड़ा तालाब, केरवा-कलियासोत में भी बढ़ा पानी

बड़ा तालाब की जलभराव क्षमता 1666.80 फीट है। इसमें मंगलवार शाम तक 1663.20 फीट जमा हो चुका है। अब इसे पूरा भरने में अब साढ़े 3 फीट पानी की और जरूरत है। पिछली बार बड़ा तालाब जुलाई में ही भर गया था। कोलार डैम का वॉटर लेवल 1516.40 फीट है। अभी इसमें 1496.42 फीट पानी जमा है। इस हिसाब से यह काफी खाली है। कोलार डैम से ही भोपाल शहर के 40त्र हिस्से में पानी की सप्लाई की जाती है। पिछली बार जुलाई में इसके गेट खोलने पड़े थे। कुल 1673 फीट वाले केरवा डैम में अब तक 1659.90 फीट पानी आ चुका है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं के लिए खेल मैदान मे डेवलोपमेंट किया जाएगा

**राजनांदगांव, प्रात: किरण संवाददाता।** ग्राम पंचायत सुंदरा मे जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला महामंत्री सौरभ कोठारी एवं मंडल अध्यक्ष मनोज साहू के नेतृत्व मे पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने मैदान मे फिजीकल की तैयारी कर रहे बच्चों से मिलने पहुँचे। बच्चों ने पुष्प गुच्छ से भव्य स्वागत अभिनन्दन किया।उन्होंने बच्चों के दैनिक तैयारी के बारे मे चर्चा किया। इस प्रकार के जितने भी ग्राउंड है ग्रामीण क्षेत्र मे उनको भी युवाओं के लिए डेवलोपमेन्ट करने की बात कही। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर, मंडल उपाध्यक्ष रमेश चंद्राकर, कृष्णा साहू मंडल कोषाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष खिलेश्वर साहू, गोविन्द देवांगन, तेजराम देवांगन, दिनेश शर्मा, प्रेम साहू, ट्रेनर कामता प्रसाद यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

# शेयर मार्केट के नाम पर 17 लाख की ऑनलाइन ठगी, वाट्सएप मैसेज से शुरू हुआ जाल

**रायपुर, प्रात: किरण संवाददाता।** राजधानी रायपुर में शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 17 लाख रुपये से अधिक की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने दोगुना मुनाफा कमाने का लालच देकर एक युवक को अपने जाल में फंसाया। शिकायत मिलने के बाद टिकरापारा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मठपारा स्थित आदर्श नगर निवासी सूरज कुमार घोष को एक दिन वाट्सएप पर शेयर मार्केट से जुड़े एक संदिग्ध लिंक और मैसेज प्राप्त हुआ। उसमें दावा किया गया कि यदि वह आनंद राठी शेयर एप के माध्यम से निवेश करता है तो उसे अल्प समय में दोगुना से अधिक मुनाफा मिल



सकता है। आरोपी द्वारा बार-बार किए गए प्रलोभन और मुनाफे के झूठे वादों के चलते पीड़ित निवेश के लिए तैयार हो गया। सूरज ने अपनी शिकायत में बताया कि उसने 23 जून से 8 जुलाई 2025 के बीच कुल 17 लाख रुपये से अधिक की राशि ऑनलाइन माध्यम से संबंधित खातों में ट्रांसफर की। हालांकि, निवेश के कुछ समय बाद जब उसने लाभ और खाते की स्थिति जानने की कोशिश की, तो कोई जवाब नहीं मिला। संपर्क पूरी तरह से टूट जाने के बाद उसे अहसास हुआ कि वह एक बड़े ऑनलाइन फर्जीवाड़े का शिकार हो चुका है।

### आरोपियों की तलाश जारी

वर्तमान में पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4) के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया है और आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस साइबर सेल की मदद से उस वाट्सएप नंबर और ऑनलाइन ट्रांजैक्शन की भी जांच कर रही है जिसके माध्यम से यह धोखाधड़ी अंजाम दी गई।



# ओह माय... 2 फेम डायरेक्टर अमित राय के साथ फिर काम कर रहे हैं पंकज त्रिपाठी

पंकज त्रिपाठी ने अपनी ओह माय गॉड 2 फिल्म के डायरेक्टर अमित राय के साथ री-यूनियन किया है। उस फिल्म का नाम धर्मा है। फिल्म में 300 से ज्यादा डॉग्स का इस्तेमाल किया गया है। फिल्म की शूटिंग असम और बिहार में हुई है। धर्मा प्रकृति और इंसान के बीच सह-अस्तित्व की कहानी बयां करती है। फिल्म के निर्माण में भी भव्यता का पूरा ध्यान रखा गया है। फिल्म को हॉलीवुड के एक्शन स्टैंडर्ड्स तक ले जाने के लिए प्लैनेट ऑफ एप्स, जस्टिस लीग और एवेंजर्स जैसी ब्लॉकबस्टर हॉलीवुड फिल्मों के एक्शन डायरेक्टर की सेवाएं भी ली गई हैं। धर्मा में पंकज के अलावा मुंबई के एक बाल कलाकार की भी मुख्य भूमिका है।

धर्मा सिर्फ एक एक्शन ड्रामा नहीं, बल्कि एक इमोशनल कहानी भी है। यह इंसान और जानवर के बीच के रिश्ते से कहीं बढ़कर व्यापक स्तर का विषय समेटे हुए है।

सिनेमेटोग्राफी के लिए ऑस्कर-विनर फिल्मों में काम कर चुके हंगेरियन डीओपी माटे हर्बाई को शामिल किया गया है। सूत्रों ने बताया कि इतनी बड़ी फिल्म के लिए अधिकतक क्रू और टेक्नीशियन बाहर से हैं। मेकर्स का मानना है कि विश्व-स्तरीय टेक्निकल क्रू की मदद से फिल्म को शानदार विजुअल स्पेक्टेकल बनाया जा सकता है। इसी सोच के साथ धर्मा के लिए वर्ल्ड क्लास के क्रू मेंबर्स को एक साथ लाया गया है।

## पोस्ट-प्रोडक्शन का काम लगभग पूरा

पंकज की इस फिल्म का पोस्ट-प्रोडक्शन लगभग पूरा हो चुका है और एडिट लॉक हो रहा है। रिलीज की डेट तय नहीं हुई है, जिसे जार पिक्चर्स तय करेंगे। वही इसके प्रोड्यूसर हैं। सूत्रों ने इस फिल्म के डायरेक्टर अमित के आगामी प्रोजेक्ट्स के बारे में भी बताया कि वे अगली फिल्म ओह माय गॉड 3 पर काम करेंगे, जिसकी कहानी लिखी जा चुकी है। हालांकि, अक्षय कुमार की डेट्स या टीम के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है, क्योंकि अक्षय ही फिल्म के प्रोड्यूसर भी हैं और वही सब कुछ तय करेंगे। मुख्य किरदार अक्षय का ही रहेगा, लेकिन बाकी कलाकारों के बारे में अभी तय नहीं हुआ है।



# साई पल्लवी की हिंदी डेब्यू एक दिन की आई रिलीज डेट

## जुनैद खान के संग जमेगी जोड़ी

**साई पल्लवी इन दिनों निर्देशक नितेश तिवारी की फिल्म रामायण को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। रामायण में साई माता सीता के किरदार में नजर आएंगी। लेकिन इस फिल्म से पहले साई फिल्म एक दिन से अपना बॉलीवुड डेब्यू करने वाली है। इसकी रिलीज डेट भी सामने आ चुकी है। जानिए कौन है उनका को-स्टार...**

### पहली बार साथ नजर आएंगे जुनैद और साई

खबर के मुताबिक, साई पल्लवी अपनी पहली बॉलीवुड रोमांटिक ड्रामा फिल्म एक दिन से हिंदी फिल्मों में डेब्यू करने वाली हैं। इस फिल्म में उनके साथ आमिर खान के बेटे जुनैद खान नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन सुनील पांडे करेंगे। इस फिल्म का निर्माण आमिर खान प्रोडक्शंस के तहत किया जा रहा है। इस फिल्म के सह-निर्माता मंसूर खान हैं।

### एक दिन कब होगी रिलीज

आखिरकार, साई पल्लवी और जुनैद खान की एक साथ पहली फिल्म एक दिन को इसकी रिलीज डेट मिल गई है। यह रोमांटिक ड्रामा फिल्म 7 नवंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह जुनैद की साई पल्लवी के साथ पहली फिल्म है।

### साई का वर्कफ्रंट

एक दिन के अलावा साई पल्लवी निर्देशक नितेश तिवारी की फिल्म रामायण में माता सीता की भूमिका में नजर आएंगी। इस फिल्म में रणबीर कपूर, यश और सनी देओल मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। रामायण का पहला भाग दिवाली 2026 में रिलीज होगा। इस फिल्म में यश-रावण, सनी देओल-हनुमान, रवि दुबे-लक्ष्मण, साई पल्लवी-माता सीता और रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका में नजर आएंगे। हाल ही में फिल्म से रणबीर कपूर का लुक शेयर किया गया था, जिसे देखने के बाद प्रशंसकों की उम्मीदें फिल्म को लेकर और अधिक बढ़ गई हैं।





# मेगा फिल्म में नजर आएगी रणवीर सिंह-श्रीलीला और बॉबी देओल की तिकड़ी

रणवीर सिंह इन दिनों आगामी फिल्म धुरंधर की तैयारियों में व्यस्त हैं। वहीं, बॉबी देओल को हरि हर वीर मल्लु में देखा जा रहा है। इस बीच खबर है कि रणवीर सिंह और बॉबी देओल को जल्द ही मेगा बजट फिल्म में साथ देखा जाएगा। इस फिल्म में श्रीलाला भी अहम भूमिका में नजर आएंगी। सितारों की यह तिकड़ी पहली बार किसी प्रोजेक्ट में नजर आएगी। रणवीर सिंह, श्रीलीला और बॉबी देओल के इस प्रोजेक्ट का टाइटल जल्द रिवील किया जाएगा। इसी के साथ फिल्म का फर्स्ट लुक जारी करने की भी तैयारी है। उम्मीद जताई जा रही है कि टाइटल का एलान अगले हफ्ते तक कर दिया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, रणवीर सिंह, श्रीलीला और बॉबी देओल की यह फिल्म प्रशंसकों के लिए एक बड़ा तोहफा साबित होगी।

## एक्शन, ड्रामा के साथ दिखेगी स्टार पावर

फिलहाल फिल्म में कलाकारों की कास्टिंग ने ही काफी चर्चा बटोरी है। तीनों सितारों ने अपनी अलग पहचान बनाई है। माना जा रहा है कि यह फिल्म एक जबर्दस्त कमर्शियल एंटरटेनर फिल्म साबित होगी। इसमें एक्शन, ड्रामा और स्टार पावर का तड़का देखने को मिलेगा।

# सलाकार में मेरा किरदार अब तक का सबसे अलग



अभिनेत्री मौनी रॉय की आगामी जासूसी थ्रिलर फिल्म सलाकार रिलीज होने के लिए तैयार है। अभिनेत्री ने फिल्म में अपने अनुभव को साझा किया है। अभिनेत्री ने कहा, इसमें काम करके मुझे बहुत खुशी हुई। यह मेरे लिए अभी तक का सबसे अलग हटकर या खास तरह का किरदार है। इसकी कहानी ने मुझे एक कलाकार के रूप में आगे बढ़ने का मौका दिया। अभिनेत्री ने टीम की तारीफ करते हुए बताया, सेट पर पूरी टीम का माहौल काफी अच्छा रहता था। हम सब मिलकर काम करते थे। अब मैं दर्शकों के लिए काफी उत्साहित हूं, फिल्म में उन्हें मेरा ऐसा किरदार देखने के लिए मिलेगा जो उन्होंने पहले कभी देखा ही नहीं होगा। बता दें, फिल्म के निर्माताओं ने सोमवार को इसका टीजर रिलीज कर दिया, फिल्म एक भारतीय जासूस की कहानी पर आधारित है। यह फिल्म ऐतिहासिक बैकग्राउंड पर आधारित है और इसमें रहस्य-रोमांच के कई मोड़ देखने को मिलेंगे। इसमें मौनी रॉय के साथ मुकेश ऋषि, कस्तूरिया और सूर्या शर्मा भी हैं। सच्ची घटनाओं पर आधारित यह कहानी एक ऐसे जासूस की कहानी है, जो अपनी खुफिया जानकारी से देश की सुरक्षा के लिए खतरा बने दुश्मनों को सफलतापूर्वक मार देता है और पाकिस्तान में गुप्त तरीके से परमाणु ठिकानों के अस्तित्व का पता लगाता है। निर्देशक और सह-लेखक, फारुक कबीर ने कहा, सलाकार एक जासूसी थ्रिलर की कहानी है। जो एक्शन के लिए नहीं, बल्कि खुफिया जानकारी और बलिदान के लिए बनी है।



# धनुष ने साझा किया किस्सा, रांझणा के लिए कैसे कास्ट हुए?

साउथ के सुपरस्टार धनुष आज एक बड़ा नाम हैं। आज वह अपना जन्मदिन मना रहे हैं। उन्होंने कई बॉलीवुड फिल्मों में अच्छा काम किया है। धुनष ने साल 2013 में फिल्म रांझणा से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। हालांकि धनुष ने बहुत मुश्किल से इस फिल्म में काम किया था। हाल ही में धनुष ने बताया है कि उन्हें इस फिल्म में किस तरह लिया गया। उनके मुताबिक कम बजट की वजह से उन्होंने इस फिल्म को लगभग ना कह दिया था।

## रांझणा में धनुष को लेना चाहते थे आनंद एल राय

हाल ही में स्क्रीन के साथ बातचीत में धनुष ने बताया उस समय, उनके पास मुझे मुख्य अभिनेता के रूप में लेने के लिए बजट नहीं था। लेकिन इस आदमी (आनंद एल राय) का जुनून इतना ज्यादा था कि वह चाहते थे कि मैं कुंदन का किरदार निभाऊं। वह किसी भी अभिनेता को यह किरदार दे सकते थे और वह खुशी-खुशी मान जाता। आखिरकार, यह इतना शानदार किरदार है।

## आनंद एल राय ने अपने पैसे से धनुष को कास्ट किया

फिल्म में धनुष जिस किरदार की बात कर रहे थे वह कुंदन का किरदार है। यह किरदार वाराणसी का एक आशिक मिजाज लड़का था। जिसका जुनून और दिल टूटना उसे आखिरकार राजनीति की दुनिया में खींच ले जाता है। धनुष ने बताया कि फिल्म के निर्देशक आनंद एल राय ने कुंदन के किरदार के लिए बहुत मेहनत की। उन्होंने कहा उन्होंने हर मुश्किल का सामना किया। मुझे नहीं पता कि मुझे ये कहना चाहिए या नहीं, और मुझे इसकी परवाह भी नहीं! उन्होंने अपना पैसा भी लगाया। उन्होंने पूरी ताकत झोंक दी (मुझे कास्ट करने के लिए)।

उन्होंने मुझमें कुंदन देखा और अपने विजन पर अडिग रहे। यह फिल्म आनंद एल राय के निर्देशन करियर का एक निर्णायक मोड़ साबित हुई। रांझणा के बाद, धनुष और आनंद एल राय ने फिल्म अतरंगी रे में साथ में काम किया। दोनों फिल्म तेरे इश्क में पर भी साथ काम कर रहे हैं। यह फिल्म इसी साल रिलीज होने वाली है।





# कान्स हमारी फिल्मों की क्वालिटी का पैमाना नहीं है...

**रॉक ऑन, मिडनाइट चिल्ड्रन, फिराक जैसी फिल्में हों या अ सूटेबल बॉय और बॉम्बे बेगम्स जैसी वेब सीरीज, कलाकार शहाना गोस्वामी ने हमेशा अपनी अलग छाप छोड़ी है। बीते साल कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपनी फिल्म संतोष से धमाल मचाने वाली शहाना इन दिनों इंडियन ऑस्ट्रेलियन रोमांस ड्रामा फोर इयर्स लेटर को लेकर चर्चा में हैं।**

**आप पर्दे पर ज्यादातर सशक्त और कॉम्प्लेक्स किरदारों ही नजर आती है। कभी आपका मन नहीं किया कि वो स्विट्जरलैंड में शिफॉन की साड़ी लहराने वाले रोल भी करूं?**

बिल्कुल यार, मैं तो बचपन में शीशे में देखकर यही सब करती थी। सूरज हुआ मध्यम गाने पर स्लो मोशन में अपने बाल झटकना या नाचना..., नाचना तो वैसे भी मेरा शौक है तो ऐसे रोल जरूर करना चाहूंगी। मेरा भी बहुत मन है, मगर लोगों की शायद सोच ऐसी है कि वे मुझे उन कॉम्प्लैक्स स्ट्रॉन्ग लड़कियों के रोल में ही देखते हैं। हालांकि, एक ट्रॉफी हीरोइन, जिसमें सिर्फ नाच गाना हो, वैसा किरदार मुझे शायद पसंद नहीं आएगा, मगर कोई अच्छी कमर्शल फिल्म हो, जैसे रॉकी और रानी की प्रेम कहानी तो मैं जरूर करना चाहूंगी।

**बॉम्बे बेगम्स या अ सूटबल बॉय जैसी सीरीज में फ्लॉड किरदार, जो समाज की नजर में गलत/अनैतिक हैं, उन्हें निभाते वक्त क्या अप्रोच रहता है? उनको जजमेंट से कैसे दूर रखती हैं?**

कोई भी किरदार निभाते वक्त मेरी एक ही कोशिश होती है कि वो ज्यादा से ज्यादा रियल हो और असल में कोई भी इंसान पूरी तरह ब्लैक या वाइट नहीं होता। दुनिया में कोई भी सिर्फ सही या गलत नहीं होता। हर किसी में खूबियां भी होती हैं, खामियां भी होती हैं। जब आप उन खामियों को दिखाते हैं, स्वीकारते हैं तो आपकी खूबियां और उभरकर सामने आती हैं। इसलिए, अगर मैं इन किरदारों को अपनी नैतिकता या जजमेंट के हिसाब से देखूंगी तो उसे कभी बाखूबी नहीं निभा पाऊंगी। उसे समझने के लिए मुझे जजमेंट हटाना पड़ेगा। उनके हालात, उनकी वजहें समझनी पड़ेंगी। मैं ये नहीं कहती कि आप उसे सही ठहराएं पर उसके प्रति थोड़ी नर्मी दिखानी होगी, क्योंकि हर किसी के हालात, परवरिश, बैकग्राउंड अलग होती है। इसलिए सिनेमा लोगों से जुड़ने और उनको समझने का सबसे बढ़िया माध्यम है। जब आप एक मर्डरर की कहानी देख रहें, तो उसके नजरिए से देखना होगा। सिनेमा का काम ही है कि वो आपको जजमेंट और नैतिकता से दूर लेकर जाए।

**आप हमेशा ही लीग से हटकर किरदार चुनती हैं। ऐसे में फोर इयर्स लेटर की श्रीदेवी को चुनने के पीछे क्या वजह रही?**

श्रीदेवी आज के जमाने की बहुत ही आधुनिक लड़की है, जिसमें आत्मविश्वास है, उसकी ख्वाहिशें हैं, वह आत्मनिर्भर है, लेकिन अपने समाज, संस्कृति, लोगों की उम्मीदों के चलते एक बंधन महसूस करती है। इसके बावजूद उसमें जिंदगी को लेकर बहुत उत्साह है। वह जिंदगी को एंजॉय करती है। वो दूध की धुली हुई भी नहीं है। वो भी गलतियां करती हैं, लेकिन उसको मानती है। ऐसे में बहुत लेयर्ड किरदार है।

**आप राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों तरह के प्रॉजेक्ट्स में लगातार काम कर रही हैं। कोई ऐसी चीज आपको लगती है कि हमारी इंडस्ट्री को उनसे सीखनी चाहिए?**

अभी हमारी इंडस्ट्री भी काफी बेहतर हुई है। बस ये है कि वहां सारी चीजें काफी सिस्टमैटिक होती है। वहां नियम-कायदे काफी अच्छे से लागू होते हैं। यहां क्या होता है कि जो लोग पैसा लगाते हैं, चाहे प्लैटफॉर्म हो, प्रड्यूसर हो या स्टूडियो, वे कहेंगे कि ढाई फिल्म के बराबर के कॉन्टेंट वाली एक सीरीज एक फिल्म के बजट में बनाओ, तो निश्चित तौर पर क्वॉलिटी गिरेगी। वहां एक ढांचा होता है कि स्क्रिप्ट को सही वक्त देते हैं, उसे डेवलप करने में, उसके प्री प्रॉडक्शन में, आप वो करें, तब बराबरी आएगी। अगर आप सिर्फ ये सोचेंगे कि पैसे कहां बचा सकते हैं तो क्रिएटिविटी पर असर पड़ता है। ये चीजें हम उनसे सीख सकते हैं कि आप हर चीज को सही मोल दें।

**बीते साल आपकी फिल्म संतोष से लेकर ऑल वी इमैजिन ऐज लाइट तक ने कान्स और कई अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में झंडे गाड़े**

पहले तो मेरा ये कहना है कि ऐसा नहीं है कि हमारे यहां अच्छी या फेस्टिवल के लायक फिल्में पहले नहीं बनी हैं। ये फेस्टिवल्स भी अपने हिसाब से सिलेक्शन करते हैं। हमें उनके हिसाब से अपनी फिल्मों का स्टैंडर्ड तय नहीं करना चाहिए कि ये कान्स में गई है तो यही पहली अच्छी फिल्म है। हम ये भी सवाल उठा सकते हैं कि हमें उन लोगों ने क्यों पहले ये मौका नहीं दिया! मैं ऐसा कभी नहीं मानूंगी कि जो वहां गई हैं, सिर्फ वही अच्छी फिल्में हैं या उसके लायक है। हमें उसे अपनी फिल्मों की गुणवत्ता का पैमाना नहीं मानना चाहिए। बहुत सारी अच्छी फिल्में पहले भी बनी हैं। ये अच्छी बात है कि आज दुनिया हमें देख रही है। अपने फेस्टिवल का हिस्सा बना रही है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, गुरूवार, 31 जुलाई, 2025



व्यापार

संसेक्स
81481.86 पर बंद
निफ्टी
24855.05 पर बंद

सोना
97,440
चांदी
121,000

# कैश यूआर ड्राइव मार्केटिंगका आईपीओ आज खुलेगा

● **कुल इश्यू साइज** - 10 प्रति शेयर के हिसाब से अधिकतम 46,76,000 इक्विटी शेयर ● **फ्रेश इश्यू** - अधिकतम 44,69,000 इक्विटी शेयर

**ऑफर फॉर सेल - अधिकतम 2,07,000 इक्विटी शेयर**

**मुंबई, एजेंसी।** कैश यूआर ड्राइव मार्केटिंग लिमिटेड , जो एक आउटडोर मीडिया विज्ञापन कंपनी है, अपनी आईपीओ (इनिशिअल पब्लिक ऑफरिंग) 31 जुलाई, 2025 को खोलने जा रही है। कंपनी इस आईपीओ के माध्यम से 60.79 करोड़ (ऊपरी प्राइस बैंड पर) जुटाने की योजना बना रही है। इस इश्यू में कुल 46,76,000 इक्विटी शेयर शामिल हैं, जिनका फेस वैल्यू 10 प्रति शेयर है और प्राइस बैंड 123 से 130 प्रति शेयर तय किया गया है।

इस आईपीओ से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग तकनीक में निवेश, पूंजीगत व्यय, कार्यशील पूंजी की आवश्यकताओं को पूरा करने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। एंकर पोर्शन 30 जुलाई, 2025 को खुलेगा और पूरा इश्यू 4 अगस्त, 2025 को बंद होगा।

इस इश्यू का बुक रनिंग लीड मैनेजर नारनौलिया फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड है और रजिस्ट्रार बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड है।

कैश यूआर ड्राइव के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री रघु खन्ना ने कहा- हमारी यात्रा एक साधारण लेकिन सशक्त विचार के साथ शुरू हुई — रोजमर्रा के सफर को प्रभावशाली विज्ञापन अवसरों में बदलना। टैक्सी ब्रांडिंग से शुरुआत कर हम एक पूर्ण आउट-ऑफ-होम मीडिया समाधान प्रदाता बन चुके हैं। आज हमारे पास 1,000 से अधिक इलेक्ट्रिक बसों पर विशेष अधिकार हैं, जिससे हम एक अग्रणी सस्टेनेबल मीडिया एसेट कंपनी बन चुके हैं।

यह आईपीओ हमारे विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इससे हमें अत्याधुनिक तकनीक में निवेश, मीडिया एसेट बेस का विस्तार और नए क्षेत्रों में संचालन क्षमता मजबूत करने में मदद मिलेगी। साथ ही, यह हमें हमारे श्वस्त-समर्थ विज्ञापन मॉडल को बड़े स्तर पर लागू करने में सक्षम बनाएगा, जिससे ब्रांड पर्यावरण के अनुकूल और प्रभावशाली तरीकों से ऑडियंस से जुड़ सकेंगे।

नारनौलिया फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के निदेशक, श्री विपिन अग्रवाल ने कहा- कंपनी आउटडोर मीडिया उद्योग की नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करती है, जो सस्टेनेबल शहरी मोबिलिटी और विज्ञापन के भविष्य के साथ मेल खाती है। इलेक्ट्रिक बसों, ईवी चार्जिंग स्टेशनों और रणनीतिक फ्लीट साझेदारियों में विशेष अधिकारों के साथ कंपनी ने ट्रांजिट मीडिया सेगमेंट में मजबूत नींव बनाई है। देश के प्रमुख शहरों में लगातार विस्तार और ईको-फ्रेंडली विज्ञापन एसेट्स में फर्स्ट मूवर एडवांटेज के चलते, कंपनी सस्टेनेबल ब्रांडिंग समाधानों की बढ़ती मांग का लाभ उठाने के लिए अच्छी स्थिति में है। यह आईपीओ कंपनी को अपनी परिसंपत्तियों को बढ़ाने, तकनीक में निवेश करने और अपने बाजार में प्रभाव को मजबूत करने के लिए आवश्यक पूंजी प्रदान करेगा।

## दोगुना हुआ पावर कंपनी का प्रॉफिट, शेयर खरीदने की लूट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जीई वर्नोवा टीएंडडी इंडिया के शेयरों ने मंगलवार को 5 प्रतिशत का अपर सर्किट छुआ और 2,604.25 पर पहुंच गए।

यह इसका 52-सप्ताह का उच्चतम स्तर भी रहा। शेयरों में इस तेजी के पीछे मजबूत जून तिमाही के नतीजे हैं। दरअसल, कंपनी ने जून 2025 को समाप्त तिमाही (वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही) के लिए अपने नतीजे जारी कर दिए हैं। जीई वर्नोवा टीएंडडी इंडिया ने जून तिमाही में नेट प्रॉफिट में साल-दर-साल 117.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो वित्त वर्ष 25 की इसी तिमाही में 134 करोड़ रुपये की तुलना में 291 करोड़ रुपये रहा।

## भारतीय आभूषण बाजार में नया मोड़ ला सकते हैं 9 कैरेट वाले सोने के गहने

**ज्वेलर्स के लिए नई संभावनाएं**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ज्वेलर्स एसोसिएशन (एफएआईजेए) ने 9 कैरेट सोने को भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की अनिवार्य हॉलमार्किंग प्रणाली में शामिल किए जाने के निर्णय को उपभोक्ता हित में सार्थक और दूरदर्शी कदम बताया है। यह कदम देश के आभूषण बाजार में एक नई



गहमागहमी को जन्म देगा। इंडियन ज्वेलर्स फोरम, गोल्ड ज्वेलर्स ट्रेड एसोसिएशन का कहना है 24 और 22 कैरेट सोने की आसमान छूती कीमतों के बीच यह निर्णय आम उपभोक्ता को किफायती विकल्प उपलब्ध कराएगा। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और नकली या मिश्रित धातु वाले गहनों पर रोक लगेगी।

**ग्राहकों के लिए क्या बदलेगा**

बीआईएस के अनुसार, ग्राहकों को अब कम कीमत में हॉलमार्क युक्त गहनों का विकल्प मिलेगा। यह बाजार में नकली या निम्न-गुणवत्ता के आभूषणों की संख्या में कमी लाएगा। साथ ही, खुले बाजार में गैर-कानूनी गहनों की बिक्री पर रोक लगाएगा।

**ज्वेलर्स के लिए नई संभावनाएं**- दिल्ली के प्रमुख ज्वेलर और डिजाइनर भावेश अग्रवाल बताते हैं, अब हम 9 कैरेट में हल्के डिजाइन और वॉल्यूम-आधारित कलेक्शन पर काम कर सकते हैं। ई-कॉमर्स मंचों पर भी लो-कॉस्ट हॉलमार्क गहनों का ट्रेंड बढ़ेगा, जिससे पूरे क्षेत्र को नई गतिशीलता मिलेगी।

# जापान के साथ टॉप 3 में भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत का टूरिज्म सेक्टर हाल में तेजी से बढ़ा है। द टेलीग्राफ यूके ने 2025 के लिए घूमने-फिरने के सबसे अच्छे देशों की लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में भारत ने तीसरा स्थान हासिल किया है।

पहले नंबर पर न्यूजीलैंड और दूसरे पर जापान है। चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) सार्थक आहूजा ने लिंक्डइन पर इसे लेकर एक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में उन्होंने भारत के हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में तेजी का जिक्र किया है। साथ ही लोगों की बदलती ट्रैवल हैबिट्स के बारे में बताया है। आहूजा के अनुसार, दुनिया में घूमने के लिए सबसे अच्छे शहर केप टाउन, सेविला और सिडनी हैं। होटल की रैंकिंग में भारत के दो होटल भी शामिल हैं।

ओबेरॉय पहले और ताज तीसरे नंबर पर है। भारत का होटल उद्योग तेजी से बढ़ रहा है। ताज होटल चेन चलाने वाली आईएचसीएल ने जनवरी 2024 से 50 नए होटल खोले हैं। उसकी योजना 2030 तक 350 से 700 होटल तक पहुंचने की है। फ्रांस का एकोर ग्रुप भी इसी समय में अपने होटलों की संख्या को तीन गुना करने की योजना बना रहा है।



**प्रति व्यक्ति जीडीपी बढ़ने का असर**

भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी 3,000 डॉलर को पार कर गई है। ऐसे में लोकल ट्रैवल की मांग बढ़ रही है। भारत में अभी लगभग 2,00,000 ब्रांडेड होटल रूम्स हैं। यह संख्या यूएई के बराबर है, जिसकी आबादी भारत की आबादी का 1 प्रतिशत से भी कम है।

आहूजा के अनुसार, यह एयर बीएनबी या बुटीक होटल चलाने वालों के लिए अच्छा समय है। कारण है कि अमीर लोग साल में एक बार विदेश यात्रा करते हैं। वे उसी साल में कम से कम 3 छोटी घरेलू यात्राएं भी करते हैं। डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए सिलीगुड़ी एक पॉपुलर डेस्टिनेशन बन रहा है। आहूजा ने बताया कि वह सिलीगुड़ी गए थे। उन्होंने देखा कि वहां बड़े होटल चेन खुल रहे हैं। यह बिहार और बंगाल के लोगों के लिए डेस्टिनेशन वेडिंग का ठिकाना बन गया है। मेफेयर पहले से ही वहां है। ताज, आईटीसी, हयात जैसे होटल भी खुलने की योजना है।

# केईसी इंटरनेशनल को मिला 1,509 करोड़ का बड़ा ऑर्डर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केईसी इंटरनेशनल के शेयरों में बुधवार, 30 जुलाई को तेजी आई, जब कंपनी ने घोषणा की कि उसे 1,509 करोड़ रुपये के नए ऑर्डर मिले हैं। कंपनी के शेयर इंट्रा डे में 0.7




प्रतिशत की बढ़त के साथ 866.65 रुपये कारोबार कर रहे थे। हालांकि, इस साल अब तक शेयर में लगभग 28 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। बता दें कि केईसी इंटरनेशनल ने 1,509 करोड़ रुपये के नए ठेके मिलने की बुधवार को जानकारी दी।

**क्या है डिटेल**

केबल्स एवं कंडक्टर व्यवसाय को भारत और विदेशी बाजार में विभिन्न प्रकार के केबल और कंडक्टर की आपूर्ति का ठेका मिला है। केईसी इंटरनेशनल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विमल केजरीवाल ने कहा, '' हमारे परिवहन व्यवसाय ने प्रतिष्ठित टीसीएएस खंड (कवच) में अपनी ऑर्डर बुक को और मजबूत किया है। हमें एक और ठेका मिला है जिसका उद्देश्य विश्व स्तरीय प्रौद्योगिकी के माध्यम से भारतीय रेलवे की सुरक्षा को बढ़ाना है। इन ठेकों के साथ चालू वित्त वर्ष 2025-26 में अभी तक हमें 7,000 करोड़ रुपये से अधिक के ठेके मिल चुके हैं।''

# अब हर प्रॉपर्टी डील पर रहेगी आयकर विभाग की पैनी नजर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नए पंजीकरण विधेयक-2025 के तहत हर संपत्ति लेनदेन के लिए ओटीपी-आधारित सत्यापन अनिवार्य होगा, जिससे आयकर विभाग को हर छोटी-बड़ी खरीद की डिजिटल जानकारी मिल सकेगी। यह बदलाव बेनामी संपत्तियों पर अंकुश लगाने और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए किया जा रहा है।

**कैसे काम करेगी नई व्यवस्था**

**1. पैन और आधार का दोहरा सत्यापन**- संपत्ति खरीदार और विक्रेता के पैन कार्ड को ओटीपी के जरिए सत्यापित किया जाएगा। आधार नंबर का सत्यापन किया जाएगा।

**अंतिम मंजूरी**- सब-रजिस्ट्रार अपने अधिकृत मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी से लेनदेन को अंतिम मंजूरी देगा। सत्यापन के बाद डिजिटल कॉपी सीधे आयकर विभाग को भेजी जाएगी ।

**2. आयकर विभाग की निगरानी**- एआई सिस्टम खरीदार की पिछले 5-6 साल की आय और संपत्तियों का विश्लेषण करेगा। यदि कोई आय से अधिक मूल्य की संपत्ति खरीदता है, तो ऑटोमेटिक नोटिस जारी होगा। इससे संदिग्ध लेनदेन पकड़ना आसान होगा ।

## यूपी ने शुरू की डिजिटल पहल, अब देशभर में संपत्ति रजिस्ट्री होगी पारदर्शी

उत्तर प्रदेश पहले ही पैन-आधार सत्यापन प्रणाली लागू कर चुका है। पिछले सप्ताह से आयकर विभाग को यहां के सभी बैनामों की डिजिटल कॉपियां मिल रही हैं। नए कानून के बाद अन्य राज्यों को भी यह व्यवस्था लागू करनी होगी।

**दान या गिफ्ट में दी गई संपत्ति पर भी रहेगी कड़ी नजर**- नई प्रणाली दान या गिफ्ट में दी गई संपत्तियों को भी ट्रैक करेगी। जांच में पाया गया है कि कई मामलों में लोग पहले किसी अन्य के नाम पर संपत्ति खरीदते हैं और बाद में उसे दान के रूप में अपने नाम ट्रांसफर कर लेते हैं। इस गैर-कानूनी प्रथा पर रोक लगेगी ।

**तेजी से बढ़ रहे नए जमाने के उद्योग**

## चालू वित्त वर्ष में 11.3 फीसदी तक वेतन बढ़ाएंगी कंपनियां

**नई दिल्ली, एजेंसी।** घरेलू कंपनियां चालू वित्त वर्ष में 6.2 फीसदी से 11.3 फीसदी तक औसत वेतन वृद्धि कर सकती हैं। कुछ स्तरों पर यह वृद्धि 13.8 फीसदी तक पहुंचने की उम्मीद है। टीमलीज सर्विसेज की रिपोर्ट के मुताबिक, कॉरपोरेट्स कौशल प्रमाणन और प्रोत्साहन आधारित सहभागिता पर ध्यान केंद्रित कर कार्यबल रणनीतियों को नया स्वरूप दे रहे हैं। 23 उद्योगों और 20 शहरों के 1,308 व्यवसायों से बातचीत पर आधारित



रिपोर्ट के मुताबिक, 11.3 फीसदी तक अनुमानित वेतन वृद्धि देश के रोजगार और वेतन परिदृश्य में बदलाव का संकेत देती है। नए जमाने के उद्योग तेजी से बढ़ रहे हैं इसलिए, मांग उन भूमिकाओं की ओर बढ़ रही है, जिनमें तकनीकी क्षमता के साथ तत्काल व्यावसायिक प्रभाव भी शामिल हो। रिपोर्ट में कहा गया है कि इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) और इससे जुड़े बुनियादी ढांचा क्षेत्र में सबसे अधिक 11.3 फीसदी वेतन बढ़ने की उम्मीद है। उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं के क्षेत्र में 10.7 फीसदी, खुदरा में 10.7 फीसदी और एनबीएफसी (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों) में 10.4 फीसदी वेतन बढ़ सकता है। उद्योगों में सर्वाधिक वेतन वृद्धि ईवी और इससे जुड़े बुनियादी ढांचे में इलेक्ट्रिकल डिजाइन इंजीनियर की होगी।

# कंपनी का कदम बड़ी रणनीति का हिस्सा

**मुंबई।** टीसीएस ने इस कदम को अपनी बड़ी रणनीति का हिस्सा बताया है। कंपनी का कहना है कि वह खुद को एक भविष्य के लिए तैयार संगठन बनाना चाहती है। इसके लिए वह टेक्नोलॉजी में निवेश, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को बढ़ावा देना, नए बाजारों में पैठ बनाना और अपने कामगारों (वर्कफोर्स) को रिअलाइनमेंट करना चाहती है।

कंपनी ने कहा कि वह लोगों को नए कौशल सिखाने और दूसरे विभागों में लगाने की कोशिशें कर रही थी, लेकिन कुछ लोगों को कंपनी में नया रोल देना संभव नहीं हो पा रहा, इसलिए उन्हें जाना पड़ रहा है।

**सीईओ की सैलरी पर सवाल- कटौती के बीच 4.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी**- जबकि हजारों कर्मचारी अपनी नौकरी गंवा रहे हैं और बाकियों की सैलरी बढ़नी रुक गई है, अष्टस के सीईओ के. कृतिवासन का सैलरी पैकेज और भी भारी-भरकम हो गया है। कंपनी के सालाना रिपोर्ट (मार्च 2025 को खत्म हुए वित्तीय साल के लिए) के मुताबिक, उनकी कुल कमाई 26.52 करोड़ रुपये रही। यह पिछले साल के मुकाबले 4.6 प्रतिशत ज्यादा है। इस पैकेज में उनका मूल सैलरी (बेस सैलरी) 1.39 करोड़ रुपये, भत्ते और सुविधाएं (पर्क्स) 2.12 करोड़ रुपये और कमीशन के तौर पर 23 करोड़ रुपये शामिल हैं।

**बाकी टॉप अधिकारियों की कमाई करोड़ों में**- कंपनी के पूर्व मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) एन.जी. सुब्रह्मण्यम को मई 2024 तक (जब तक वे पद पर रहे) 11.55 करोड़ रुपये मिले। इसमें बेस सैलरी 30 लाख रुपये, भत्ते और सुविधाएं 7.24 करोड़ रुपये और कमीशन 4 करोड़ रुपये शामिल थे। अष्टस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन को सिर्फ 2.1 लाख रुपये बैठक शुल्क (सिटिंग फी) मिला, कोई कमीशन नहीं मिला। नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर प्रदीप कुमार खोसला और हाने सोरेंसन को हर एक को 2.74 करोड़ रुपये मिले।

## टीसीएस कर्मचारियों की छंटनी और सैलरी फ्रीज

**पर सीईओ का पैकेज चमका**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज ने एक बड़ा फैसला लिया है। कंपनी ने घोषणा की है कि वह अपने दुनियाभर के कर्मचारियों में से 12,000 से ज्यादा लोगों (यानी कुल कर्मचारियों का लगभग 2 प्रतिशत) की नौकरी जाने वाली है। ये छंटनी ज्यादातर मिडिल और सीनियर लेवल के कर्मचारियों को प्रभावित करेगी। इसके साथ ही, कंपनी ने बचे हुए कर्मचारियों की सैलरी हाइक पर भी रोक लगा दी है। टीसीएस ने कहा है कि जिन कर्मचारियों को निकाला जाएगा, उन्हें उचित मुआवजा, नई नौकरी ढूंढने में मदद (आउटप्लेसमेंट) और काउंसलिंग जैसी सुविधाएं दी जाएंगी।

# 12वीं में फेल होने की लगा दी हैट्रिक

**फिर ऐसी मारी छलांग कि अब करोड़ों का साम्राज्य**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शशि कांत त्यागी ने उद्योग जगत में बड़ा मुकाम हासिल किया है। उनकी कहानी आगरा के पास मोहसिनाबाद गांव से शुरू होती है। वह एक किसान परिवार से ताल्लुक रखते हैं। 12वीं कक्षा में तीन बार फेल होने के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। न केवल अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की, बल्कि एमबीए भी किया। वह यहीं नहीं रुके। कड़ी मेहनत कर करोड़ों रुपये के हेयर एक्सटेंशन ब्रांड जेमेरिया हेयर और त्यागी एक्सपोर्ट्स की नींव रखी। ये हेयर एक्सटेंशन, विग, टॉपर और पैच जैसे कई हेयर प्रोडक्ट बेचते हैं। आइए, यहां शशि कांत त्यागी की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

शशि कांत त्यागी को अपनी पढ़ाई में कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा। वह 12वीं कक्षा में तीन बार फेल हुए। इसके चलते उन्हें परिवार और रिश्तेदारों से काफी ताने सुनने को मिले। उनके चाचा अक्सर उन्हें चिढ़ाते थे कि वह अपने पिता की तरह किसान ही बनेंगे। इन असफलताओं ने उनका आत्मविश्वास हिला दिया था। हालांकि, उनके अंदर कुछ बड़ा करने की इच्छा बचपन से ही



थी। कक्षा 8 में अपने दोस्त के पीसीओ बूथ पर अपने दोस्त के पिता को ढेर सारे पैसे गिनते देखकर उन्होंने यह ठान लिया था कि वह एक दिन बड़ा व्यापार करेंगे। खूब पैसा कमाएंगे। 12वीं पास करने से पहले ही उन्होंने लहसुन और आलू खरीदकर आगरा की मंडी में बेच एक छोटा सा व्यवसाय शुरू किया। इससे उन्हें 2.5 लाख रुपये का फायदा हुआ।

**ऐसे हुई बिजनेस में एंट्री**

एमबीए के बाद 2011 में शशि को दिल्ली की एक ट्रेडिंग कंपनी में ऑनलाइन सेल्स एग्जीक्यूटिव के रूप में नौकरी मिली। दो साल के अनुभव के बाद 2013 में 23 साल की उम्र में उन्होंने अपनी नौकरी छोड़ दी। फिर त्यागी एक्सपोर्ट्स के नाम से अपना हेयर एक्सटेंशन निर्यात व्यवसाय शुरू किया। उनके पहले बड़े ऑर्डर में से एक अमेरिका से 65,000 डॉलर का था। इसका उन्हें एडवांस पेमेंट मिल गया था। शुरुआत में वह हर महीने 2-3 लाख रुपये कमा रहे थे। लेकिन, क्वालिटी की समस्याओं के कारण उन्होंने अपनी खुद की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित करने का फैसला किया। दिसंबर 2013 तक उन्होंने दिल्ली में 15,000 वर्ग फीट में अपनी खुद की यूनिट स्थापित की। इसमें उन्होंने दक्षिण भारतीय मंदिरों से प्राप्त कच्चे मानव बाल का इस्तेमाल करके बल्क हेयर और वेफ्ट हेयर जैसे उत्पाद बनाने शुरू किए। इस यूनिट को स्थापित करने में उन्होंने 10 लाख रुपये का निवेश किया।

आईसीसी रैंकिंग

# रविंद्र जडेजा विश्व के नंबर एक टेस्ट ऑलराउंडर

**दुबई, एजेंसी।** भारतीय हरफनमौला रविंद्र जडेजा ने टेस्ट क्रिकेट में दुनिया के नंबर एक हरफनमौला के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है जबकि अभिषेक शर्मा पहली बार टी20 रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे। आईसीसी टेस्ट क्रिकेटरों की ताजा रैंकिंग में जडेजा के पास 117 रेटिंग अंकों की बढ़त हो गई है जबकि बांग्लादेश के मेहदी हसन मिराज दूसरे स्थान पर हैं। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर जारी बयान में कहा, 'जडेजा ने 107 रन की नाबाद पारी और वार विकेट लेकर हरफनमौलाओं की रैंकिंग में बढत बना ली है। इसमें कहा गया, 'उसने 13 रेटिंग अंक हासिल किए है और कुल 422 अंक के साथ वह बांग्लादेश के मेहदी हसन मिराज से 117 अंक आगे हैं। इसके साथ ही बल्लेबाजों की रैंकिंग में वह पांच पायदान चढ़कर 29वें और गेंदबाजों में एक पायदान चढकर 14वें स्थान पर हैं। वॉशिंगटन सुंदर आठ पायदान चढ़कर 65वें स्थान पर हैं जिन्होंने जडेजा के साथ पांचवें विकेट के लिए 203 रन की साझेदारी करके मैनचेस्टर टेस्ट ड्रॉ कराया था। टेस्ट क्रिकेट में जो रूट शीर्ष बल्लेबाज हैं जबकि न्यूजीलैंड के केन विलियमसन दूसरे और इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स तीसरे स्थान पर है। गेंदबाजों में चार साल बाद टेस्ट टीम में वापसी करने वाले जोफ्रा आर्चर 38 पायदान चढ़कर 63वें स्थान पर पहुंच गए हैं। क्रिस वोक्स एक पायदान ऊपर 23वें स्थान पर हैं। इंग्लैंड के बेन डकेट दसवें और जाक क्रॉली 43वें स्थान पर आ गए हैं।



# अभिषेक शर्मा पहली बार नंबर-1 टी-20 बैटर बने

आईसीसी रैंकिंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अभिषेक शर्मा टी-20 फॉर्मेट में नंबर-1 बैटर बनने वाले तीसरे भारतीय हैं। उनसे पहले विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। अभिषेक शर्मा टी-20 फॉर्मेट में नंबर-1 बैटर बनने वाले तीसरे भारतीय हैं। उनसे पहले विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं।

बुधवार को जारी वीकली आईसीसी रैंकिंग में भारत के अभिषेक शर्मा में टी-20 के नंबर-1 बैटर बन गए हैं। वे विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव के बाद नंबर-1 पोजिशन पर पहुंचने वाले तीसरे भारतीय बैटर बने हैं।

अभिषेक शर्मा के 829 अंक हैं। उन्होंने पिछले हफ्ते एक भी टी-20 नहीं खेला है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड वेस्टइंडीज के खिलाफ 5वां टी-20 मैच नहीं खेले थे, इससे उनके अंक गिरकर 814 हो गए। इससे अभिषेक नंबर-1 पोजिशन पर आ गए और हेड दूसरे पर खिसक गए। इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर टेस्ट में चोट के बावजूद फिफ्टी बनाने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत 776 अंक के साथ आईसीसी टेस्ट बैटिंग रैंकिंग में आठवें से सातवें स्थान पर आ गए हैं। इंग्लिश बैटर जो रूट इस लिस्ट में टॉप पर कायम हैं। टेस्ट बॉलर्स की लिस्ट में टॉप-10 में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इधर रवींद्र जडेजा लगातार 177 हफ्तों से नंबर-1 ऑलराउंडर बने हुए हैं।





# जसप्रीत बुमराह नहीं खेलेंगे ओवल टेस्ट

**2नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत-इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का 5वां मैच गुरुवार (31 जुलाई) से लंदन के ओवल स्टेडियम में खेला जाएगा। इस टेस्ट मैच में जसप्रीत बुमराह के खेलने की संभावना नहीं है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की मेडिकल टीम ने उन्हें इजाजत देने से मना कर दिया है। मैनचेस्टर टेस्ट के बाद कप्तान शुभमन गिल ने कहा था कि ओवल में बुमराह खेलने पर अभी फैसला नहीं लिया गया है। कोच गौतम गंभीर ने भी कुछ ऐसी ही बात कही थी। सहयक कोच सितांशु कोटक ने मंगलवार (29 जुलाई) को कहा कि बुमराह खेलने फैसला अभी नहीं हुआ, लेकिन वर्कलोड के हिसाब से फिट बताया।

इस बीच ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार ओवल में बुमराह खेलते नहीं दिखेंगे। रिपोर्ट में बताया गया है कि बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने बुमराह से कहा है कि यह फैसला उनकी पीठ को चोट से बचाने और लंबे समय की योजना को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

केवल तीन टेस्ट मैच ही खेलेंगे

यह घटनाक्रम आश्चर्यजनक नहीं है, क्योंकि मेडिकल टीम ने बुमराह, भारतीय टीम प्रबंधन और चयनकर्ताओं के साथ मिलकर यह तय किया था कि वह इंग्लैंड दौरे के दौरान पांच में से केवल तीन टेस्ट मैच ही खेलेंगे। बुमराह, हेडिंग्ले में पहले टेस्ट मैच में खेले, एजबेस्टन में दूसरे टेस्ट मैच में बाहर रहे, जिसे भारत ने जीता और उसके बाद लॉर्ड्स में और पिछले हफ्ते ओल्ड ट्रैफर्ड में हुए दो टेस्ट मैचों में खेले।

### ओल्ड ट्रैफर्ड में चौथे दिन की सुबह से गेंदबाजी नहीं की

बुमराह ने ओल्ड ट्रैफर्ड में चौथे दिन की सुबह से गेंदबाजी नहीं की है। साथ ही आखिरी दो टेस्ट मैचों के बीच तीन दिन का ब्रेक भी है, ऐसे में भारत ने अपनी मूल योजना में बदलाव करने पर विचार किया होगा, क्योंकि वह ओवल में जीत के साथ सीरीज 2-2 से बराबर करने की संभावना को देखते हुए।

### बुमराह की गति प्रभावित

धीमी, सपाट पिच और वर्कलोड मैनेजमेंट ने चौथे टेस्ट में बुमराह की गति को प्रभावित किया। उन्होंने 33 ओवरों में दो विकेट लिए। एक पारी में उनके सर्वाधिक ओवर थे। पहली बार उनके रनों का आंकड़ा 100 के पार गया। जैसे-जैसे सीरीज आगे बढ़ी, प्रत्येक टेस्ट की पहली पारी में 140 किमी प्रति घंटे से अधिक की गति से गेंद फेंकने की उनकी संख्या भी हेडिंग्ले में 42.7त्न से घटकर लॉर्ड्स में 22.3त्न और ओल्ड ट्रैफर्ड में 0.5त्न हो गई।बुमराह वर्तमान में सीरीज में 14 विकेट लेकर मोहम्मद सिराज के साथ संयुक्त रूप से दूसरे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। मैनचेस्टर में ड्रॉ के बाद, भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा था कि बुमराह अंतिम टेस्ट के लिए उपलब्ध हैं, लेकिन दो दिन बाद भारत ने उन्हें आराम देने का फैसला किया।

### बुमराह की जगह आकाश दीप ले सकते हैं

बुमराह की जगह कौन लेगा? यह मंगलवार को भारत के वैकल्पिक प्रैक्टिस सेशन में लगभग स्पष्ट हो गया। कमर में दर्द के कारण चौथे टेस्ट मैच से बाहर रहे आकाशदीप ने हरी-भरी अभ्यास पिचों पर गेंद को अच्छी तरह से सीम करते हुए लय पकड़ ली। एजबेस्टन में दूसरे टेस्ट मैच में आकाशदीप ने मैच में दस विकेट लिए। इसमें इंग्लैंड की दूसरी पारी में करियर का सर्वश्रेष्ठ 99 रन देकर 6 विकेट लेना भी शामिल है। लॉर्ड्स में अगले टेस्ट मैच में आकाश को दिक्कत हुई, खासकर स्लोप वाले पवेलियन एंड से। उन्होंने टेस्ट में सिर्फ एक विकेट लिया, लेकिन ओवल की तेज गेंदबाजों के अनुकूल परिस्थितियां आकाश को जल्दी वापसी करने में मदद कर सकती हैं।



# भरत बने लखनऊ सुपर जायंट्स के नए गेंदबाजी कोच

पूर्व तेज गेंदबाज की अगुआई में धारदार हुई भारतीय पेस बैटरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लखनऊ सुपर जायंट्स ने आईपीएल 2026 से पहले भरत अरुण को अपना नया गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। उनके साथ दो साल का करार हुआ है। इससे पहले वह कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ चार साल तक जुड़े रहे थे, जिसमें 2024 का आईपीएल खिताब भी शामिल है। फरवरी 2020 में माउंट माउंगानुई के बे ओवल में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे से पहले अभ्यास सत्र के दौरान भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, तत्कालीन मुख्य कोच रवि शास्त्री (बाएं) और तत्कालीन गेंदबाजी कोच भरत अरुण भरत।

लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सीजन के लिए भरत अरुण को अपना गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज भरत अरुण को बॉलिंग कोच के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान भारत की गेंदबाजी इकाई का मार्गदर्शन और प्रेरणा देने का श्रेय दिया जाता है।

भरत अरुण कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ भी एक सफल कार्यकाल के बाद एलएसजी में शामिल हुए हैं। उनके रहते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स ने 2024 में आईपीएल ट्रॉफी जीती थी। वह 2022 सीजन से 4 साल तक केकेआर का हिस्सा रहे। क्रिकबज की खबर के अनुसार, भरत रुण (62) ने संजीव गोयनका के स्वामित्व वाली टीम के साथ दो साल का करार किया है। इसके तहत उन्हें पूरे साल एलएसजी के खिलाड़ियों के साथ काम करना होगा।

भरत अरुण के कोचिंग स्टाफ में शामिल होने का मतलब है कि एलएसजी पिछले सीजन में ऋषभ पंत की कप्तानी वाली टीम के मेंटर जहीर खान को अपने साथ बनाए नहीं रखना चाहती। पहले भी खबर आई थी कि जहीर खान का फ्रेंचाइजी के साथ एक साल का अनुबंध था और प्रबंधन इस सौदे की गंभीरता से समीक्षा कर रहा है। अनुबंध के नवीनीकरण की संभावनाएं कम हैं। साथ ही कुछ सीजन तक टीम का हिस्सा रहे मुख्य कोच जस्टिन लैंगर के अनुबंध की भी संभावनाएं कम हैं।

## यूसुफ पठान-स्टुअर्ट बिन्नी ने 28 गेंदों में ठोके 71 रन



**नई दिल्ली, एजेंसीं।** वर्ल्ड चैंपियंसशिप ऑफ लीजेंड्स2025 के एक अहम मुकाबले में इंडिया चैंपियंस के दिग्गज खिलाड़ी युसूफ पठान और स्टुअर्ट बिन्नी ने केवल 28 गेंदों में 71 रन ठोककर टीम को केवल 80 गेंदों में ही जीत दिला दी. इंडिया चैंपियंस को इस लीग के सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए 14.1 ओवर में 145 रन बनाने थे. इस मुश्किल लक्ष्य को युसूफ पठान और स्टुअर्ट बिन्नी ने काफी आसान बना दिया और वेस्टइंडीज चैंपियंस के खिलाफ केवल 13.2 ओवर में ही इंडिया चैंपियंस को 5 विकेट से जीत दिलाकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली. युसूफ पठान ने छक्का लगाकर टीम को इस लीग में पहली जीत का स्वाद भी चखाया. डब्ल्यूसीएल 2025 के अहम मुकाबले में इंडिया चैंपियंस के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज चैंपियंस ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 144 रन बनाए. इंडिया चैंपियंस को सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए इस लक्ष्य को 14.1 ओवर में हासिल करने थे, लेकिन उसकी शुरुआत काफी खराब रही और टीम के चार विकेट केवल 52 रन पर ही गिर गए.

# कोको गॉफ की संघर्षपूर्ण जीत, फर्नांडीज पहले दौर में बाहर, मुसेट्टी-रूने भी अगले दौर में

नेशनल बैंक ओपन

**मॉन्ट्रियल, एजेंसी।** गॉफ ने हमवतन अमेरिकी डेनियल कोलिन्स के खिलाफ 23 डबल-फॉल्ट किए लेकिन वह आखिर में 7-5, 4-6, 7-6 (2) से जीत हासिल करने में सफल रही, जो फ्रेंच ओपन फाइनल के बाद उनकी पहली जीत है। शीर्ष वरीयता प्राप्त कोको गॉफ ने तीन सेट तक चल कड़े मुकाबले में जीत दर्ज करके नेशनल बैंक ओपन डब्ल्यूटीए टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बनाई लेकिन पिछले सप्ताह डीसी ओपन का खिताब जीतने वाली स्थानीय खिलाड़ी लेयला फर्नांडीज पहले दौर में बाहर हो गई। फर्नांडीज को ऑस्ट्रेलिया की माया जॉइंट ने केवल एक घंटे 15 मिनट में 6-4, 6-1 से हरा दिया। विश्व की 24वें नंबर की इस खिलाड़ी ने रविवार को वाशिंगटन में अपने करियर का चौथा डब्ल्यूटीए खिताब जीता था और वह



मॉन्ट्रियल में कोर्ट पर वापसी से पहले अतिरिक्त आराम की उम्मीद कर रही थीं। इसलिए उन्होंने हार के बाद इस टूर्नामेंट के कार्यक्रम की आलोचना भी की। गॉफ ने हमवतन अमेरिकी डेनियल कोलिन्स के खिलाफ 23 डबल-फॉल्ट किए लेकिन वह आखिर में 7-5, 4-6, 7-6 (2) से जीत हासिल करने में सफल रही, जो फ्रेंच ओपन फाइनल के बाद उनकी पहली जीत है। चौथी वरीयता प्राप्त मीरा एंड्रीवा ने बियांका एंड्रीस्कू के टखने में चोट लगने के कारण मैच से हट जाने से तीसरे दौर में जगह बनाई। सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को तीसरे सेट के टाईब्रेकर में जापान की आओई इतो से हार का सामना करना पड़ा, जबकि आठवीं वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो ने रेबेका मैरिनो को 6-1, 6-2 से हराया।

### पुरुष एकल में मुसेट्टी-रूने की जीत

वहीं, पुरुषों में तीसरी वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेट्टी और पांचवीं वरीयता प्राप्त होल्गर रूने ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बनाई। मुसेट्टी ने ऑस्ट्रेलियाई क्वालीफायर जेम्स डकवर्थ को 7-5, 6-1 से, जबकि रूने ने जियोवानी एमपेट्शी पेरीकार्ड को 7-6 (7), 6-3 से हराया। इस मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में सभी वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को पहले दौर में बाई मिली थी। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर, दूसरे नंबर के कार्लोस अल्काराज़, पांचवें नंबर के जैक ड्रेपर और छठे नंबर के नोवाक जोकोविच अमेरिकी ओपन की तैयारी के सिलसिले में महत्वपूर्ण इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रहे हैं। आठवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड, 11वीं वरीयता प्राप्त करेन खाचानोव, 14वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसिस्को सेरुंडोलो और गत विजेता 18वीं वरीयता प्राप्त एलेक्सी पोपिरिन भी अपने-अपने मैच जीतने में सफल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सुशांत सिंह राजपूत केसः कोर्ट ने रिया चक्रवर्ती को थमाया नोटिस

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई की एक अदालत ने बॉलीवुड अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती को एक नोटिस जारी करके फिल्म अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दायर 'क्लोजर रिपोर्ट' पर जवाब मांगा है। केंद्रीय एजेंसी ने पांच साल पुराने इस मामले में अपनी 'क्लोजर रिपोर्ट' मार्च में उपनगरीय बांद्रा स्थित एक मजिस्ट्रेट अदालत में दाखिल की थी। बाद में यह मामला दक्षिण मुंबई की एस्प्लेनेड अदालत में स्थानांतरित कर दिया गया, जो सीबीआई के मामलों की सुनवाई करती है। एस्प्लेनेड अदालत में मामले की सुनवाई कर रहे अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आर डी चव्हाण ने इस महीने की शुरुआत में मामले के मूल शिकायतकर्ता/पीड़ित/ (चक्रवर्ती) को नोटिस जारी किया था। चक्रवर्ती ने राजपूत की बहनों और एक डॉक्टर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि वे उनकी मौत के लिए जिम्मेदार हैं। इस मामले की अगली सुनवाई 12 अगस्त को होगी। सीबीआई ने मामले की जांच के बाद एक 'क्लोजर रिपोर्ट' पेश की। संबंधित पक्षों की सुनवाई के बाद, अदालत को यह तय करना है कि रिपोर्ट स्वीकार की जाए या एजेंसी को आगे की जांच का आदेश दिया जाए। बिहार के रहने वाले राजपूत (34) 14 जून, 2020 को बांद्रा स्थित अपने अपार्टमेंट में मृत पाए गए थे। रिया चक्रवर्ती ने कहा था कि सुशांत बाइपोलर डिसॉर्डर से पीड़ित थे और ठीक से अपना इलाज नहीं करवा रहे थे। वहीं सीबीआई ने कहा था कि इस मामले में मूल रूप से आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ कोई आपराधिक मामला नहीं पाया गया है।

### पहलगाम और बालटाल दोनों मार्गों पर अमरनाथ यात्रा स्थगित, भारी बारिश बनी वजह

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश के कारण अमरनाथ यात्रा को दोनों प्रमुख मार्गों- पहलगाम और बालटाल पर अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रशासन के अनुसार, लगातार बारिश से मार्गों पर खतरा बढ़ गया है, जिसके चलते यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक बारिश की चेतावनी जारी की है। अधिकारियों ने बताया कि स्थिति की समीक्षा के बाद ही यात्रा दोबारा शुरू की जाएगी।

### रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को जीएसटी चोरी रोकने के लिए कदम उठाने के निर्देश दिए

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की चोरी रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। रेड्डी ने मंगलवार रात वाणिज्यिक कर विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की और उनसे यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि सभी कंपनियां जीएसटी भुगतान करें। मंगलवार देर रात जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि उन्होंने जीएसटी भुगतानकर्ताओं की शंकाओं को दूर करने के लिए एक कॉल सेंटर स्थापित करने का सुझाव दिया।

### चमोली में बस पलटने से छह सैनिकों सहित सात लोग गंभीर रूप से घायल

**चमोली, एजेंसी।** उत्तराखंड के चमोली जिले में बुधवार को बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक बस के सड़क पर पलटने से उसमें सवार सेना के छह जवानों समेत सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। चमोली के जिलाधिकारी डॉ. संदीप तिवारी ने यहां बताया कि हादसा नंदप्रयाग के पास सोनला में हुआ जहां सैनिकों से भरी बस अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गयी। तिवारी ने बताया कि जोशीमठ से रायवाला जा रही इस बस में चालक के अलावा सेना के 31 जवान सवार थे। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में सेना के छह जवान और वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हुए हैं तथा उन्हें कर्ण प्रयाग के सरकारी अस्पताल में भर्ती किया गया है।

# तेलंगाना में 14 मुस्लिम जातियों को आरक्षण देने की तैयारी में सरकार



**हैदराबाद, एजेंसी।**
तेलंगाना में मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार 14 मुस्लिम जातियों को पिछड़ा वर्ग (बीसी) के तहत आरक्षण की सुविधा देने की तैयारी कर रही है। इन जातियों में करीब 3 लाख परिवार शामिल हैं, जो लंबे समय से सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक पिछड़ेपन का सामना कर रहे हैं। अब तक इन मुस्लिम समूहों को बीसी (ई) श्रेणी के अंतर्गत 4 प्रतिशत आरक्षण दिया गया था, लेकिन कानूनी विवादों और धार्मिक आधार पर आरक्षण को लेकर उठे सवालों के कारण यह नीति प्रभावी ढंग से लागू नहीं हो पाई। सरकार का मानना है कि इन जातियों को धर्म नहीं, बल्कि पिछड़ेपन के आधार पर लाभ दिया जाना चाहिए।

सरकार द्वारा कराए गए सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक, रोजगार और राजनीतिक जाति सर्वे की रिपोर्ट फरवरी 2025 में सार्वजनिक हुई थी। इसमें सामने आया कि राज्य की कुल 12.58 प्रतिशत मुस्लिम आबादी में से 10.08 प्रतिशत पिछड़े मुसलमान हैं और सिर्फ 2.5 प्रतिशत मुसलमान अन्य वर्ग में आते हैं।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि हैदराबाद के पुराने शहर में कई मुस्लिम महिलाओं ने गणनाकर्ताओं से बातचीत नहीं की, जिससे मुस्लिम आबादी में 1-2 प्रतिशत की संभावित कमी आंकी गई है।

एसईईपीसी सर्वे के आधार पर तेलंगाना विधानसभा ने मार्च में एक विधेयक पारित कर पिछड़ा वर्ग आरक्षण को 27प्रतिशत से बढ़ाकर 42 प्रतिशत कर दिया। यह वृद्धि शिक्षा, सरकारी नौकरियों और स्थानीय निकाय चुनावों में लागू होगी। यह विधेयक अब राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेजा गया है। राज्य सरकार के सलाहकार और वरिष्ठ नेता मो. अली शब्बीर के अनुसार, करीब 3 लाख शिया परिवार न सिर्फ आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े हैं, बल्कि उन्हें किसी भी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल रहा। उन्होंने बताया कि सर्वे के अनुसार, मुस्लिम समुदाय के 10.08 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा से नीचे हैं और सहायता के पात्र हैं। उन्होंने बताया, सैयद, मुगल, पठान, अरब, कोज्जा मेमन, आगा खानी और बोहरा जैसे मुस्लिम समूह पेशे पर आधारित जातियां हैं, जैसे अन्य पिछड़ी वर्ग की जातियां होती हैं। यह धर्म आधारित आरक्षण नहीं, बल्कि सामाजिक-आर्थिक पिछड़ेपन पर आधारित प्रस्ताव है। भाजपा द्वारा इस प्रस्ताव पर धर्म आधारित आरक्षण का आरोप लगाए जाने पर मो. अली शब्बीर ने कहा, जब भी मुस्लिम आरक्षण की बात हुई, सरकारों से पूछा गया डेटा कहां है? अब हमारे पास सर्वे के माध्यम से ठोस आंकड़े हैं। अधिकांश गरीब मुसलमान फल-सब्ज़ी विक्रेता, कबाड़ी, ड्राइवर जैसे काम करते हैं। उन्हें भी उतने ही अधिकार मिलने चाहिए जितने अन्य समुदायों को। शब्बीर ने संकेत दिया कि सरकार अब विचार कर रही है कि इन 14 मुस्लिम जातियों को भी वही लाभ और योजनाएं दी जाएं जो एससी, एसटी और अन्य बीसी समुदायों को दी जा रही हैं। जैसे कि रोजगार में प्राथमिकता, छात्रवृत्ति, उद्यमिता सहायता और स्थानीय राजनीतिक प्रतिनिधित्व।

## पार्टी लाइन के नाम पर भेदभाव नहीं करते नितिन गडकरी, सम्मानित कर शरद पवार ने की तारीफ

**पुणे, एजेंसी।**
केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को मंगलवार को चिंतामनराव देशमुख राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान एनसीपी-एसपी के प्रमुख शरद पवार ने दिया और उनकी जमकर तारीफ की। दोनों ही नेताओं की अलग-अलग विचारधारा है और दशकों से एक-दूसरे के मुकाबले राजनीति करते रहे हैं। इसके बाद भी मंच पर दोनों की जुगलंबदी देखते ही बनी। शरद पवार ने नितिन गडकरी की तारीफ की तो वहीं केंद्रीय मंत्री ने भी उनका आभार जताया है। महाराष्ट्र की राजनीति में शरद पवार का बड़ा कद रहा है। वह अकसर सरकार से लेकर विपक्ष तक का रुख तय करते रहे हैं और हमेशा केंद्रीय भूमिका में रहे हैं।

उन्होंने पुणे स्थित गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) 'सरहद' द्वारा स्थापित यह पुरस्कार गडकरी को प्रदान किया और देश भर में राजमार्गों का नेटवर्क विकसित करने के लिए केंद्रीय मंत्री की प्रशंसा की। पवार ने गडकरी की बेबाकी और कठिन परियोजनाओं को लागू करने की उनकी क्षमता की प्रशंसा की। उन्होंने पार्टी लाइन से परे सांसदों के बीच मंत्री की लोकप्रियता पर भी प्रकाश डाला। पवार ने कहा कि बड़ी संख्या में सांसदों ने देश में परियोजनाओं को क्रियान्वित करने और सड़कों का जाल विकसित करने की गडकरी की क्षमताओं पर गहरा विश्वास व्यक्त किया है। एनसीपी-एसपी के नेता ने कहा कि सांसदों के बीच गडकरी की लोकप्रियता इस बात से पैदा हुई है कि वह पार्टी लाइन के आधार पर किसी के साथ भेदभाव नहीं करते हैं। वास्तव में मानते हैं कि अच्छी सड़कें किसी भी देश की समृद्धि के लिए एक शर्त हैं। महाराष्ट्र के रहने वाले देशमुख 1943 में भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर नियुक्त होने वाले पहले भारतीय थे और उन्होंने 1950 से 1956 तक वित्त मंत्री के रूप में भी कार्य किया। बता दें कि नितिन गडकरी की इस बात के लिए विपक्षी दल तारीफ करते रहे हैं कि वह किसी भी परियोजना के लिए इनकार नहीं करते। इसके अलावा विपक्षी सांसद भी यदि कोई काम लेकर जाता है तो प्राथमिकता के आधार पर उसे पूरा कराते हैं।

## ऑनलाइन आतंक, पाकिस्तान तक लिंक; गुजरात एटीएस के हत्थे चढ़ी झारखंड की शमा प्रवीण



**बेंगलुरु/गांधीनगर, एजेंसी।** गुजरात एटीएस ने 30 साल की एक लड़की को बेंगलुरु से गिरफ्तार किया है, जिस पर आरोप है कि वह आतंकी संगठन अल-कायदा इन द इंडियन सबकॉन्टिनेंट' (एक्यूआईएस) से जुड़ी हुई है। शमा प्रवीण नाम की यह लड़की मूल रूप से झारखंड की रहने वाली है। गुजरात सरकार का कहना है कि सोशल मीडिया के सहारे वह आतंकी विचारधारा का प्रचार-प्रसार करने में जुटी हुई थी। गुजरात के गृह मंत्री हर्ष सांघवी ने शमा की गिरफ्तारी को बड़ी सफलता बताते हुए कहा है कि उसका पाकिस्तान कनेक्शन है। शमा प्रवीण को बेंगलुरु के हेब्बल में मोनारायानापाल्या स्थित किराये के घर से दबोचा गया। वह यहां अपने छोटे भाई के साथ रह रही थी जो बेंगलुरु में नौकरी करता है। एसटीएस सूत्रों का कहना है कि अधिकारी सोशल मीडिया पर ऐसे लोगों को ट्रैक कर रहे थे जो टेरर मॉड्यूल के संपर्क में हैं और चरमपंथी विचारों वाली सामग्री शेयर करते हैं। इसके तहत हाल ही में आतंकियों को गिरफ्तार किया गया था। अब इनके संपर्क में रहने वाली शमा को भी गिरफ्तार किया है। शमा अविवाहित है और बेरोजगार है। आरोप है कि वह भड़काऊ भाषणों और जिहादी कॉटेंट को इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपलोड करके लोगों को समर्थन करने को कहती थी। वह कथित तौर पर आतंकी मॉड्यूल के संपर्क में थी और प्रतिबंधित संगठनों से सहानुभूति रखती थी। वह हाल ही में एटीएस की ओर से गिरफ्तार किए गए लोगों को फॉलो करती थी। गिरफ्तारी के बाद एटीएस ने बेंगलुरु की स्थानीय अदालत में पेश किया और ट्रांजिट वारंट हासिल किया। गुजरात के गृहमंत्री हर्ष सांघवी ने कहा कि एटीएस ने पहले एक्यूआईएस के चार आतंकियों को गिरफ्तार किया है। कल एक और बड़ी सफलता मिली है। एक महिला जो बेंगलुरु से है, वह बहुत कट्टर आतंकी है। ऑनलाइन टेटर मॉड्यूल पर काम करती है। उसके महत्वपूर्ण पाकिस्तानी संपर्क भी अलग-अलग डिवाइस से मिले हैं। हाल ही में गुजरात एटीएस ने एक्यूआईएस से जुड़े आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया था। एटीएस ने एक बयान में बताया था कि ये चारों व्यक्ति सोशल मीडिया मंचों पर एक्यूआईएस के जिहादी प्रचार वीडियो सहित कट्टरपंथी और उकसावे वाली सामग्री साझा करने में शामिल थे, जिसका उद्देश्य सशस्त्र विद्रोह के माध्यम से देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था को उखाड़ फेंकना और 'शरिया कानून' लागू करना था। गुप्त सूचना के आधार पर एटीएस ने पांच इंस्टाग्राम अकाउंट पर कड़ी नजर रखी और इन्हें चलाने वाले चार लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें से दो गुजरात के रहने वाले हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान पुलिस ने दिल्ली निवासी मोहम्मद फाइक, नोएडा (उत्तर प्रदेश) निवासी जीशान अली, गुजरात के अरवल्ली जिले के निवासी सैफुल्ला कुरैशी और अहमदाबाद निवासी मोहम्मद फरदीन शेख के रूप में की है।

## तीन दिन पहले पिता बने सीआरपीएफ जवान की हत्या, कांवड़ यात्रा के दौरान हुए झगड़े के कारण गई जान

**सोनीपत , एजेंसी।** हरियाणा के सोनीपत जिले में तीन हमलावरों ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक 30 वर्षीय जवान की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस को संदेह है कि पिछले हफ्ते पीड़ित का कांवड़ियों से झगड़ा हुआ था। पुलिस ने बताया कि घटना उस समय हुई जब कृष्ण नाम का जवान घर लौट रहा था। पुलिस को शक है कि कांवड़ यात्रा के दौरान सीआरपीएफ जवान से झगड़ा करने वाले युवकों की इसमें संलिप्तता है। पुलिस ने बताया कि यह घटना तब हुई जब छत्तीसगढ़ में तैनात कुमार खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला मेडिकल कॉलेज से घर लौटे थे, जहाँ उनकी पत्नी ने 25 जुलाई को एक लड़के को जन्म दिया था। पुलिस ने बताया कि मृतक कृष्ण कुमार,गोहाना के खेड़ी दमकन गाँव निवासी के रूप में हुई है। कुमार छत्तीसगढ़ में तैनात थे, लगभग एक महीने पहले छुट्टी पर घर आए थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी और दो बच्चे हैं, जिनमें से एक का जन्म तीन दिन पहले हुआ था। उनकी पत्नी अभी भी अस्पताल में हैं। गोहाना के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्रीकांत ने कहा, कृष्ण 22 जुलाई को कांवड़ यात्रा के लिए हरिद्वार गए थे। उस यात्रा के दौरान, उनकी अपने गाँव के कुछ लोगों से तीखी बहस और मारपीट हुई थी। रविवार देर रात गाँव के कुछ लोगों ने सोमवार रात लगभग 1 बजे कृष्ण को घर से बाहर बुलाया। जैसे ही वह घर से बाहर निकले, उन्हें गोली मार दी गई। श्रीकांत ने आगे कहा, गोलियों की आवाज सुनकर, कृष्ण के परिवार के सदस्य उनकी ओर दौड़े, जहाँ वह खून से लथपथ ज़मीन पर पड़े थे। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जाँच



अधिकारियों ने बताया कि कुमार के परिवार ने उसी गाँव के तीन लोगों - अजय, आनंद और निशांत - के नाम दर्ज कराए हैं, जिन पर उन्हें अपने बेटे की हत्या का शक है। जाँच कर रहे एक पुलिस अधिकारी ने कहा, एफआईआर दर्ज कर ली गई है और अभी तक फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए कई टीमें गठित की गई हैं। पुलिस ने बताया कि उन्होंने चार टीमें गठित की हैं और हमलावरों की पहचान कर उन्हें पकड़ने के लिए मामले की जाँच कर रही हैं। कुमार के परिवार वालों ने पुलिस को बताया कि बच्चे को जन्म देने के बाद उनकी पत्नी अस्पताल में थीं और उन्होंने पूरा रविवार उनके साथ बिताया।

## पूर्व कनाडाई पीएम ट्रूडो संग दिखी अमेरिकी सिंगर केटी पेरी: साथ में डिनर किया

**मॉन्ट्रियल, एजेंसी।**
अमेरिका की मशहूर सिंगर केटी पेरी और कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को हाल ही में एक साथ डिनर करते देखा गया। रिपोर्ट के मुताबिक दोनों की मुलाकात सोमवार रात मॉन्ट्रियल के ले वायलोन रेस्तरां में हुई। वायरल हुए एक वीडियो में देखा गया कि केटी पेरी और ट्रूडो एक ही टेबल पर आमने-सामने बैठे बातचीत कर रहे हैं।

इन दिनों केटी पेरी कनाडा टूर पर हैं और उनकी परफॉर्मेंस ओटावा और मॉन्ट्रियल में हो रही है। यह मुलाकात उस वक्त हुई जब कुछ हफ्ते पहले ही केटी पेरी का अपने पुराने पार्टनर ऑरलैंडो ब्लूम से नौ साल पुराना रिश्ता टूट गया है। यह डिनर एक प्राइवेट डेट जैसा लग रहा था, लेकिन दोनों अकेले नहीं थे। उनके साथ कई सुरक्षा गार्ड भी मौजूद थे जो उनकी गतिविधियों पर नजर रख रहे थे। सुरक्षा कर्मी पास की सीटों पर बैठे थे और शीशे की दीवार के जरिए निगरानी कर रहे थे। रिपोर्ट के मुताबिक पेरी और ट्रूडो ने रेस्तरां में कई डिशेज लीं। इनमें लॉब्स्टर भी शामिल था, लेकिन दोनों ने कोई एल्कोहलिक ड्रिंक नहीं ली। डिनर के बाद दोनों को रेस्तरां के शेफ ने शुभकामनाएं दी। पेरी और ट्रूडो ने उन्होंने किचन में जाकर स्टाफ का व्यक्तिगत रूप से धन्यवाद भी किया। इस महीने की शुरुआत में केटी पेरी और हॉलीवुड एक्टर ऑरलैंडो ब्लूम ने अपने ब्रेकअप की आधिकारिक जानकारी दी थी। एक साझा बयान में कहा गया कि दोनों अब अपनी 4 साल की बेटी डेजी डव की परवरिश पर फोकस करना चाहते हैं। बयान में कहा गया कि ऑरलैंडो और केटी बीते कुछ महीनों से अपने रिश्ते को को-पैरेंटिंग की दिशा में मोड़ रहे हैं, ताकि उनकी बेटी को बेहतर परवरिश मिल सके।

## 800 करोड़ की महिलाओं की गर्भनिरोधक गोलियों को लगाई जाएगी आग

**न्यूयार्क , एजेंसी।**
अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यभार संभालने के बाद से कुछ नीतिगत निर्णयों ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय में बहस छेड़ दी है। अब एक ताजा फैसले के तहत अमेरिका करीब 9.7 मिलियन डॉलर (लगभग 81 करोड़ रुपये) मूल्य के गर्भनिरोधकों को नष्ट करने जा रहा है, जो कि विकासशील देशों में महिलाओं के लिए भेजे जाने थे।

इन गर्भनिरोधकों को अमेरिकी अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी ने महिलाओं के यौन और प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से खरीदा था। इन उत्पादों में कॉपर ढूष्ठ, रॉड इम्प्लांट्स, इंजेक्टेबल कॉन्ट्रासेप्टिव्स और गर्भनिरोधक गोलियां शामिल हैं, जिनमें से अधिकतर की एक्सपायरी डेट 2028-2029 तक है। ये सभी गर्भनिरोधक




बेल्जियम के गील शहर में स्थित एक गोदाम में संग्रहित हैं। पहले इन्हें विभिन्न अफ्रीकी और एशियाई देशों की महिलाओं तक पहुँचाया जाना था। लेकिन अब अमेरिकी विदेश विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि ये उत्पाद नष्ट किए जाएंगे। इन गर्भनिरोधकों को नष्ट करने में ही अमेरिका को करीब .167,000 का खर्च आएगा। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, यह फैसला ट्रंप प्रशासन की नई नीति के तहत लिया गया है, जो अमेरिका की घरेलू प्राथमिकताओं पर ज़ोर देती है। हालांकि, इससे प्रभावित होने वाले देशों और अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य संगठनों के लिए यह निर्णय चौंकाने वाला है। ग्लोबल हेल्थ के क्षेत्र में काम करने वाले संगठन जैसे डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स और एमएसआइ प्रजनन विकल्प ने अमेरिका के इस कदम की आलोचना की है। एमएसआइ ने तो यह प्रस्ताव भी दिया था कि वह इन उत्पादों की शिपिंग और रीपैकेजिंग का खर्च उठाने को तैयार है, लेकिन अमेरिकी प्रशासन ने इसे खारिज कर दिया। एमएसआइ की प्रवक्ता ग्रेस डन ने कहा, हमें स्पष्ट कारण नहीं बताया गया कि हमारे प्रस्ताव को क्यों ठुकरा दिया गया।

# सऊदी अरब में विदेशी नागरिक भी प्रॉपर्टी खरीद सकेंगे

### मक्का-मदीना में मनाही रहेगी; ऑयल पर निर्भरता कम करना मकसद

**रियाद, एजेंसी।** सऊदी अरब की सरकार ने विदेशी नागरिकों और कंपनियों के लिए अपने रियल एस्टेट मार्केट को खोलने का फैसला किया है। नया कानून जनवरी 2026 से लागू होगा। इसके तहत विदेशी इन्वेस्टर्स रियाद, जेद्दा और अन्य इलाकों में प्रॉपर्टी खरीद सकेंगे। यह कदम सऊदी अरब के विजन 2030 का हिस्सा है, जिसका मकसद ऑयल पर निर्भरता कम करना और अर्थव्यवस्था में विविधता लाना है। सऊदी कैबिनेट ने हाल ही में इस नए कानून को मंजूरी दी है, जिसे हाउसिंग मिनिस्टर माजिद बिन अब्दुल्लाह ने रियल एस्टेट सुधारों का अगला कदम बताया। उन्होंने कहा- यह कानून रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट बढ़ाएगा और सऊदी शहरों को ग्लोबल इन्वेस्टर सेंटर बनाएगा। हालांकि, मक्का और मदीना जैसे पवित्र शहरों में प्रॉपर्टी खरीद पर प्रतिबंध रहेगा,



क्योंकि इनका धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। इन शहरों में सिर्फ मुस्लिम ही खास शर्तों के साथ संपत्ति खरीद सकते हैं। विदेशी निवेशक सऊदी स्टॉक एक्सचेंज (तदावुल) पर लिस्टेड रियल एस्टेट कंपनियों में 49प्रतिशत तक शेयर खरीद सकते हैं, जो मक्का और मदीना में प्रोजेक्ट्स डेवलप करती है। रियल एस्टेट जनरल अथॉरिटी 180 दिनों के भीतर उन इलाकों और नियमों की लिस्ट जारी करेगी, जहां विदेशी प्रॉपर्टी खरीद सकते हैं। यह सुधार हज और उमराह जैसे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना और 2030 तक 30 बिलियन डॉलर की इनकम के टारगेट को सपोर्ट करेंगे।

**सऊदी प्रिंस का प्रोजेक्ट है विजन 2030:** सऊदी अरब का विजन 2030 सऊदी प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसे 2016 में शुरू किया गया था। इसका मकसद सऊदी अरब की अर्थव्यवस्था में विविधता लाना और देश को आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक तौर पर मजबूत बनाना है। विजन 2030 के तहत ही एमबीएस वीरान रेगिस्तान में एनईओएम नाम का एक नया शहर बसाना चाहते हैं। प्रोजेक्ट के तहत द लाइन नाम का एक शहर बसाया जाएगा। यह एक कार-फ्री शहर होगा, जो सिर्फ 200 मीटर चौड़ा और 170 किमी लंबा होगा। बीबीसी के मुताबिक, साल 2030 तक इस प्रोजेक्ट का सिर्फ 2.4 किमी हिस्सा ही पूरा हो पाएगा। एनईओएम सऊदी के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान का ड्रीम प्रोजेक्ट है।

## भारत पर अमेरिका लगाएगा 20 से 25 फीसदी तक टैरिफ? राष्ट्रपति ट्रंप ने दिए बड़े संकेत

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर टैरिफ को लेकर बड़ा बयान दिया है, उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता बहुत अच्छा चल रहा है, इस बीच उन्होंने नई दिल्ली पर 20 से 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का संकेत दिया।

एक पत्रकार द्वारा यह पूछे जाने पर कि क्या भारत 20-25त्न के बीच उच्च टैरिफ का भुगतान करने जा रहा है, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, हां, मुझे ऐसा लगता है। भारत मेरा मित्र है। उन्होंने मेरे अनुरोध पर पाकिस्तान के साथ युद्ध समाप्त कर दिया... भारत के साथ समझौता अंतिम रूप से तय नहीं हुआ है। भारत एक अच्छा मित्र रहा है, लेकिन भारत ने मूल रूप से किसी भी अन्य देश की तुलना में अधिक टैरिफ लगाए हैं... हालांकि, ट्रंप ने नई दिल्ली पर लगाए गए टैरिफ की घोषणा करते हुए भारत को कोई पत्र नहीं भेजा है, जैसा कि उन्होंने कई अन्य देशों के लिए किया था। भारत पर टैरिफ को लेकर अमेरिका ने एक अगस्त तारीख तय की है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि भारत एक अच्छा मित्र रहा है। लेकिन भारत ने पिछले कुछ वर्षों में लगभग किसी भी अन्य देश की तुलना में ज्यादा टैरिफ लगाए हैं। लेकिन अब मैं प्रभारी हूं। और आप ऐसा नहीं कर सकते। मुझे लगता है कि व्यापार समझौते बहुत अच्छे चल रहे हैं। उम्मीद है कि सभी के लिए, लेकिन संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए, ये बहुत अच्छे हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129